



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22




वर्ष- 14 अंक - 215 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 19 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# छत्तीसगढ़ के रायगढ़ की ओंगना पहाड़ियों में है रामकथा की कलात्मक प्रस्तुति के आरंभिक दृश्य

### धरमजयगढ़ के ओंगना पहाड़ियों में अंकित है श्री राम और दशानन के बीच युद्ध जैसा चित्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ में राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन करा रहे हैं इसके माध्यम से देश-विदेश में प्रचलित रामायण के विविध रूपों और भगवान श्रीराम के आदर्श की झलक महोत्सव के माध्यम से देखने मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही यह पहल उस विशिष्ट परंपरा को ऊंचाई देने की दिशा में सार्थक पहल है जिसकी सबसे पहले शुरूआत उन शैलचित्रों से हुई जो रायगढ़ के ओंगना में दिखते हैं।

बताया जाता है कि ओंगना की पहाड़ियों में रामकथा का चित्रण है। यहां दस सिरों वाले एक व्यक्ति का युद्ध एक युवक से होता दिखाया गया है। इनमें दस सिर वाला रावण है और उनसे युद्ध कर रहे व्यक्ति श्री राम। इस तरह रामकथा की कलात्मक प्रस्तुति का जो बीज ओंगना में शैल चित्रकारों ने रोपा, अब उसकी विशिष्ट कलात्मक प्रस्तुति रामायण महोत्सव के रूप में होगी।

**1 से 3 जून तक रायगढ़ में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव**



### सीएम बघेल की विशेष पहल से हो रहा रामायण महोत्सव

रायगढ़ से रामायण के जुड़ाव की इस अमूल्य विरासत को आगे बढ़ाने के क्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर रायगढ़ के रामलीला मैदान में 01 से 03 जून तक प्रदेश का पहला राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। जिसमें देश विदेश की मंडलियां रामायण के अरण्य काण्ड पर प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में रामायण प्रसंग के साथ ही हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी होगा।

### ओंगना पहाड़ी में दिखते हैं पुराने शैलचित्र

रायगढ़ की ख्याति यहां की पहाड़ियों में हजारों वर्षों पूर्व के बने शैल चित्रों के लिए भी है। यहां के सुदूर वनांचल में बसे धरमजयगढ़ विकासखंड से 8 किमी दूर ओंगना पहाड़ी स्थित है। यहां पर भी कई शैल चित्र बने हुए हैं। जिनमें एक चित्र है जिसमें दस सर वाला व्यक्ति अंकित है जो दूसरे व्यक्ति से युद्ध करता दिखाई देता है। पास ही एक महिला खड़ी है। बताते हैं यह रामायण के राम रावण युद्ध प्रसंग से समानता रखता है।

### समाज में रामायण के प्रभाव को करते हैं प्रदर्शित

शैल चित्र प्राचीन कालीन समाज और जीवनशैली का जीवंत पुलिंदा है। हजारों वर्ष पूर्व बने ओंगना पहाड़ी के इन शैलाश्रयों में बने चित्र जनश्रुतियों के अनुसार तब के समाज में रामायण के प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं। रामायण की गाथा पीढ़ियों से कही और सुनी जा रही है। देश के विभिन्न भागों में इसके विभिन्न स्वरूप प्रचलित हैं। किंतु पुरातात्विक अवशेषों के रूप में रामायण प्रसंग का उल्लेख दुर्लभ है।

## खास - खबर



### राजधानी रायपुर में डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक की मौके पर मौत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शुक्रवार की सुबह युवक रफ्तार की भेंट चढ़ गया। माना थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार डिवाइडर से टकराया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल माना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार माना थाना क्षेत्र में काया बांधा चौक सेक्टर 16 के पास बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक दूर जा गिरा और उसके सिर पर चोट आई। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गया। हादसे की सूचना के बाद माना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना शुक्रवार सुबह 7 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मृतक की पहचान रवि सोनवानी (35) के रूप में हुई है। युवक सतनामी पारा माना बस्ती का रहने वाला था।

### बैंक में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े 4 लाख रुपए की ठगी, एसपी से की न्याय की मांग


**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। यह मामला पिपरिया थाना क्षेत्र का है। जहां नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लोगों से साढ़े चार लाख रुपए की ठगी हुई है।

इस मामले को लेकर पीड़ितों ने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। मामला वर्ष 2021 का है। एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित लालजी चंद्रवंशी निवासी झलमला, विनोद चंद्रवंशी निवासी खपरी और अघनू चंद्रवंशी ग्राम आंछी के रहने वाले हैं। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी जीवन कामड़े निवासी राजनांदगांव और कन्हैया चंद्रवंशी निवासी रैतापारा ने उनके बेटों को एसबीआई में चपरासी की नौकरी लगाने का झांसा दिया। इसके लिए ठगों ने 1.50- 1.50 लाख की डिमांड की। आरोपियों ने 50 रुपए के स्टाम्प पर लिखकर दिया था कि नौकरी नहीं लगने पर रकम लौटा देंगे। झांसे में आकर पीड़ितों ने उन्हें कुल साढ़े 4 लाख रुपए दे दिया। लेकिन दो साल बाद भी न नौकरी लगी और न आरोपियों ने पैसा लौटाया।

# नया संसद भवन बनकर तैयार : पीएम मोदी 28 मई को करेंगे राष्ट्र को समर्पित

नईदिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई 2023 को देश के नवनिर्मित संसद भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक, नए संसद भवन का निर्माण अब पूरा हो गया है। नया भवन आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक है। नया संसद भवन पुराने संसद भवन से 17,000 वर्गमीटर बड़ा बनाया गया है।

### लोकसभा में 888 व राज्यसभा में 384 सदस्यों के बैठने की होगी व्यवस्था



मिली जानकारी के मुताबिक चार मंजिला नए संसद भवन में मंत्रियों और पार्टियों का ही नहीं, सांसदों का भी अपना कमरा होगा। पुराने संसद के मुकाबले इसमें सबकुछ बदला-बदला नजर आएगा। संसद से जुड़े मार्शल और कर्मचारी राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफ्टी) की डिजाइन की हुई नई वेशभूषा में नजर आएंगे। यही नहीं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए संसद के नवनिर्मित भवन में लोकसभा में 888 जबकि राज्यसभा में 384 सदस्यों की बैठक की व्यवस्था की गई है। दोनों सदनों का संयुक्त सत्र लोकसभा चैम्बर में ही आयोजित होगा। वर्तमान संसद भवन के लोकसभा में 550 जबकि राज्यसभा में 250 सदस्यों की बैठक की व्यवस्था है।

**2020 में किया गया था शिलान्यास**

लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों ने पांच अगस्त 2019 को सरकार से संसद के नए भवन के निर्माण के लिए आग्रह किया था। इसके बाद 10 दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के नए भवन का शिलान्यास किया था। संसद के नवनिर्मित भवन को गुणवत्ता के साथ रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है। अब संसद का नवनिर्मित भवन जहां एक और भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों को और अधिक समृद्ध करने का कार्य करेगा, वहीं अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस भवन में सदस्यों को अपने कार्यों को और बेहतर तरीके से परफॉर्म करने में भी सहायता मिलेगी।

### सेंट्रल हॉल की जगह होगा कमेटी हॉल

नए संसद भवन में सेंट्रल हॉल नहीं होगा। इसकी जगह कमेटी हॉल होगा। इसमें विशेष तौर पर बेहद खूबसूरत संविधान कक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त लाउंज, पुस्तकालय, कैंटीन की सुविधा उपलब्ध होगी। भविष्य में संसद के दोनों सदनों में सांसदों की संख्या बढ़ाने की संभावना का नए संसद भवन के निर्माण में ख्याल रखा गया है। इसमें 1,224 (लोकसभा के 888 और राज्यसभा के 384) सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। साल 1971 के बाद से लोकसभा और राज्यसभा में सांसदों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है। कई बार 33 फीसदी संख्या बढ़ाने पर विचार हुआ। वर्तमान में 25 लाख की आबादी पर एक सांसद है।

# बागेश्वर धाम के बाबा धीरेन्द्र शास्त्री की कार का कटा चालान



### पटना पुलिस ने लगाया जुर्माना, सांसद मनोज तिवारी चला रहे थे कार

**पटना (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर बिहार में जुर्माना लगा है। दरअसल धीरेन्द्र शास्त्री जिस कार मंब आ रहे थे उसे सांसद मनोज तिवारी चला रहे थे। इस दौरान बाबा और भाजपा सांसद मनोज तिवारी पर सड़क पर यातायात ने नियम पालन नहीं कर यात्रा करने का आरोप लगा था। कार में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पीछे वाली सीट पर बैठे थे।

पटना ट्रैफिक पुलिस को शिकायत मिली कि बाबा धीरेन्द शास्त्री और सांसद मनोज तिवारी ने सीट बेल्ट नहीं लगया था। इसके बाद पटना ट्रैफिक पुलिस ने मामले की जांच की। शिकायत को सही पाया गया। अब बाबा ट्रैफ्कि नियम तोड़ने के आरोप में जुर्माना लगा है। पटना पुलिस ने उनपर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

पटना के ट्रैफिक एसपी पूरण झा ने बताया कि शिकायत मिली है कि जिस दिन बागेश्वर वाले बाबा पटना आए थे, उस दिन एयरपोर्ट से होटल के लिए निकलते समय गाड़ी में बैठे किसी भी व्यक्ति ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी। एयरपोर्ट से निकलने के बाद और होटल पहुंचने के दरम्यान का सीसीटीवी फुटेज निकालकर देखा गया कि गाड़ी में बैठे लोगों ने बेल्ट लगाई थी या नहीं। इसमें पाया गया कि बाबा ने बेल्ट नहीं लगाया था। इसके बाद उनपर एक हजार रुपए का फाइन लगाया गया।

# 24 लाख किसानों को मिलेगी राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 1895 करोड़ की पहली किश्त

- **21 मई को सांकरा में होगा भरोसे के सम्मेलन**
- **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे किसानों के खाते में राशि का अंतरण**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई को राज्य के किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इस साल दी जाने वाली सौगातों के सिलसिले कि शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई को दुर्ग जिले के सांकरा पाटन में आयोजित होने वाले भरोसे के सम्मेलन में राज्य के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को इस योजना की पहली किश्त के रूप में 1894 करोड़ 93 लाख रुपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण उनके बैंक खातों में करेंगे। इसके बाद किसानों को आगामी अगस्त, अक्टूबर और मार्च महीने में क्रमशः तीन और किश्तों में राशि दी जाएगी जो लगभग 6000 करोड़ रुपए की होगी।



छत्तीसगढ़ सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में इस योजना के तहत 6800 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है,परन्तु बीते खरीफ सीजन में पंजीकृत किसानों की संख्या ,रकबा और धान की रिकार्ड खरीदी को देखते हुए इस योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली इनपुट सब्सिडी की यह राशि लगभग 8000 करोड़ होने का अनुमान है।

गौरतलब है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत कृषि लागत में कमी लाने, फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खरीफ फसलों के उत्पादक कृषकों को प्रति एकड़ के मान से 9 हजार रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। खरीफ वर्ष 2019 से लागू इस योजना के तहत राज्य के किसानों को अब तक 18208 करोड़ रुपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में इस योजना के तहत चार किश्तों में किसानों को लगभग 8000 करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के रुप में मिलेंगे।

# आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों पर सीधी भर्ती, पांच संभाग मुख्यालयों में होगी परीक्षा

- **छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने जारी किया शेड्यूल**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों पर सीधी भर्ती के लिए परीक्षा तिथि निर्धारित कर दी गई है। प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती परीक्षा प्रदेश के 5 संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी।

नियंत्रक, व्यापमं से मिली जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण अधिकारी इंफारमेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नालॉजी सिस्टम मेंटनेंस की परीक्षा 7 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट की परीक्षा 7 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 तक, प्रशिक्षण अधिकारी इलेक्ट्रिशियन की परीक्षा 8 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी वायरमैन की परीक्षा 8 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी कारपेंटर की परीक्षा 9 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी टर्नर की परीक्षा 9 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

इसी प्रकार प्रशिक्षण अधिकारी ड्राईवर कम मैकेनिक की परीक्षा 12 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मैकेनिक मोटर व्हीकल की परीक्षा 12 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर) की परीक्षा 13 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी हॉस्पिटल हाउस कीपिंग की परीक्षा 13 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी फिटर की परीक्षा 14 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी वेल्डर की परीक्षा 14 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मैकेनिक डीजल की परीक्षा 15 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मैकेनिक ट्रैक्टर की परीक्षा 15 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

प्रशिक्षण अधिकारी मशीनिस्ट ग्राइंडर की परीक्षा 16 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी ड्राफ्ट्समेन मैकेनिकल की परीक्षा 16 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडिशनर की परीक्षा 19 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी वर्कशॉप कैल्युलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्रॉइंग की परीक्षा 19 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मशीनिस्ट की परीक्षा 20 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी शीट मेटल वर्कर की परीक्षा 20 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस (अंग्रेजी) की परीक्षा 21 जून को सवेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी।

# कोच-खिलाड़ी के बीच गंदी बात

श्रीकंचनपथ




यह बातों के बतंगड़ का दौर है. बातों का क्या है? कभी अच्छी बात भी गंदी लग सकती है तो कभी-कभी गंदी बात भी अच्छी लगने लगती है। कभी गंदी बात मजे की बात बन जाती है तो कभी वह सख्त नागवार गुजरती है। कभी सच्ची बात चुभने लगती है तो कभी झूठी बात भाने लगती है। यह सब स्थान, काल और परिस्थिति पर निर्भर करता है। पर बात यहां बातों की हो रही है। छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष पर आरोप लगा है कि वे गंदी बात करते हैं। अश्लील मैसेज, फोटो और वीडियो भेजते हैं। फिर तो यह बड़ी गंभीर बात हो जाती है. मुंह से कही गई बात से मुकरा जा सकता है। पर गंदी बात का मैसेज, फोटो और वीडियो भेजना तो आईटी एक्ट के तहत भी जुर्म है। कोई अध्यक्ष इतना बेवकूफ कैसे हो सकता है? बहरहाल, अगर उसने ऐसा किया है तो उसे इसकी सजा भी भुगतनी पड़ेगी। अब पुलिस उसके साथ गंदी बात करेगी। मीडिया भी कर सकती है। सोशल मीडिया पर जो धुनाई होगी, वह अलग। वैसे खिलाड़ियों के साथ गंदी बात करने का यह कोई पहला मामला नहीं है। ऐसे आरोप कोच से लेकर टीम मैनेजर, सेलेक्शन बोर्ड के अधिकारियों से लेकर फेडरशन के खूसटों पर भी लगते रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर देश की नामचीन कुश्ती खिलाड़ी मोर्चा खोले बैठी हैं। उन्होंने गंदी बात के साथ-साथ नाबालिग खिलाड़ियों के दैहिक शोषण का भी आरोप लगाया है। अब तक खेलों के संचालक ही करियर खराब करने की धमकी देकर अपनी जायज-नाजायज बातें मनवाते रहे हैं। पर नए कानूनों की मौजूदगी में उनका यह दांव उलटा पड़ सकता है। बात महिला खिलाड़ी की हो तो वह न केवल खूसटों का करियर खराब कर सकती हैं बल्कि उनका सामाजिक और पारिवारिक जीवन भी नर्क बना सकती हैं। वैसे, इस मामले में देश की पहली अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवान की टिप्पणी आई है। विदेश में सेटल हो चुकी इस खिलाड़ी ने कहा है कि किसी भी एथलीट या खिलाड़ी के साथ बलात्कार करना संभव नहीं है। फिर ये लड़कियां तो पहलवान हैं। मोहतरमा भूल रही हैं कि प्रलोभन देकर, धमकी देकर या बलपूर्वक किसी की सहमति ली जाए, तो उसे सहमति नहीं माना जाता। इसे बलात्कार ही माना जाएगा। ऊपर से इस मामले में नाबालिग लड़कियां शामिल हैं जो किसी भी स्थिति में अपनी सहमति नहीं दे सकतीं। ऐसे मामलों में पीड़ित के बयान को ही परिस्थितजन्य साक्ष्य के आधार पर सबूत मान लिया जाता है। यहां मसला, खेलों से गंदगी साफ करने का है। देश का खेल ढांचा ही ऐसा है कि इसमें आयोजक की भूमिका सबसे बड़ी हो जाती है। फेडरेशन बहुत ज्यादा ताकतवर है। बिना कोई परिणाम दिये भी फेडरेशन में जमे हुए लोग सालों-साल वहां बने रह सकते हैं. खिलाड़ियों का भविष्य उनकी मर्जी पर निर्भर होता है। फिल्मों में भी इसका जिक्र होता आया है।

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....




शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

### कर्नाटक में सिद्धरमैया

कर्नाटक में कांग्रेस की एक बड़ी जीत के बाद मुख्यमंत्री पद के दो प्रमुख दावेदारों सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार के बीच जारी रस्साकशी और उसे लेकर बाहर मीडिया में जैसी खबरें पिछले पांच दिनों तक प्रसारित होती रहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उनका इससे बेहतर उत्तर नहीं तलाश सकते थे। राज्य में पार्टी की जीत के दो सबसे आकर्षक चेहरों को उन्होंने सरकार के दो प्रमुख चेहरे के तौर पर चुना है। सिद्धरमैया मुख्यमंत्री होंगे और डीके शिवकुमार उप-मुख्यमंत्री के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी बने रहेंगे। यूं तो राजनीति में उतरने वाले हरेक व्यक्ति की यही मनोकामना होती है कि वह सत्ता के शिखर पद पर बैठे, मगर तमाम योग्य लोगों में खुशकिस्मत कोई एक ही होता है। इस फैसले में कांग्रेस आलाकमान की दूरदर्शिता और मजबूरी, दोनों पढ़ी जा सकती है। एक तरफ, उसने राज्य के सबसे लोकप्रिय व अनुभवी राजनेता सिद्धरमैया को सरकार के मुखिया के तौर पर चुना है। दूसरी तरफ उसने डीके शिवकुमार की बेहतरीन सांगठनिक क्षमता का सम्मान करते हुए उन्हें प्रदेश की पार्टी इकाई का मुखिया बनाए रखा है। अब इस जोड़ी पर लोकसभा चुनाव में कर्नाटक से बेहतर परिणाम देने का दबाव होगा। गौरतलब है, पिछले आम चुनाव में कांग्रेस 28 में से सिर्फ एक सीट जीत सकी थी। जहां तक मजबूरी की बात है, तो इस फैसले में उसे अपने सिद्धांत से एक बार फिर समझौता करना पड़ा है। पार्टी ने उदयपुर चिंतन शिविर में 'एक व्यक्ति एक पद' का संकल्प लिया था। मगर अब डीके शिवकुमार को सरकार व संगठन में दो अहम पद सौंपे जाने का उदाहरण भविष्य के महत्वाकांक्षी नेताओं को पार्टी में सौदेबाजी का आधार मुहैया करा सकता है। किसी भी लोकतांत्रिक पार्टी में आंतरिक प्रतिस्पर्द्धा स्वाभाविक बात है, बल्कि यह उसकी जीवंतता का अनिवार्य पहलू भी है, पर क्या अनुशासित हुए बिना कोई संगठन अपना लक्ष्य हासिल कर सकता है? खुद कर्नाटक ने इसका उदाहरण दिया है। कांग्रेस ने राज्य के मतदाताओं को यही संदेश दिया कि वह एकजुट है और निश्चित कार्यक्रमों के वादे के साथ जनादेश की मांग कर रही है। मगर परिणाम के बाद उसके सरकार गठन की कवायद को लेकर नकारात्मक बातें ही सुर्खियां बनीं। ऐसा नहीं है कि सत्ता की रस्साकशी सिर्फ कांग्रेस में होती है। उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा के नेतृत्व को भी कई राज्यों में मुख्यमंत्री चुनने में वक्त लगा। मगर इन दोनों पार्टियों के नेताओं में फर्क यह है कि भाजपा अपने सांगठनिक अनुशासन के प्रति अधिक जागरूक है। पिछले वर्षों में हमने कई बार देखा कि जब पार्टी ने कोई फैसला कर लिया, तो फिर उसे सबने शिरोधार्य किया। सांविधानिक औचित्य की बहस को परे रखकर देखें, तो क्या आप आज की कांग्रेस में यह कल्पना कर सकते हैं कि विधानसभा में अपनी सीट गंवा चुके एक व्यक्ति को पार्टी नेतृत्व मुख्यमंत्री या उप-मुख्यमंत्री बनाने का फैसला करे और सभी विधायक उसे खुशी-खुशी कुबूल कर लें? कांग्रेस को यह अनुशासन भाजपा से सीखने की जरूरत है। तब तो और, जब इस कमी के कारण उसने मध्य प्रदेश में सरकार गंवा दी और राजस्थान में गहलोत व पायलट की सियासी रार अब एक प्रहसन का रूप ले चुकी है। कर्नाटक के दोनों नेताओं को साबित करना होगा कि पार्टी के भीतर की होड़ राजस्थान जैसी शक्ल न ले। कांग्रेस ही नहीं, उनकी सरकार के इकबाल के लिए भी यही उचित होगा।

> किसी भी लोकतांत्रिक पार्टी में आंतरिक प्रतिस्पर्द्धा स्वाभाविक बात है, बल्कि यह उसकी जीवंतता का अनिवार्य पहलू भी है, पर क्या अनुशासित हुए बिना कोई संगठन अपना लक्ष्य हासिल कर सकता है? खुद कर्नाटक ने इसका उदाहरण दिया है।

### ये नतीजे जो बताते हैं

अगर एक दूसरे प्रस्थान बिंदु से देखें, तो कहा जा सकता है कि महंगाई और अन्य आर्थिक समस्याओं, कुशासन और भ्रष्टाचार जैसे ठोस मुद्दों के बावजूद भाजपा अपने वोट आधार को बचाए रखने में लगभग सफल रही है। कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम से ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि पूरे भाजपा विरोधी खेमे का उत्साहित होना लाजिमी है। आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के अन्य नेताओं की हिंदुत्व को और उग्र रूप देने की कोशिश वहां कामयाब नहीं हो सकी। साथ ही पिछले तीन साल में वहां भाजपा सरकार ने जिस तरह से सांप्रदायिक उबाल को बनाए रखा, वह भी काम नहीं आया। इतना सब कुछ होने के बावजूद भाजपा के वोट प्रतिशत में मामूली-सी सेंध लग गई। लेकिन यहां इस हकीकत के प्रति भी विपक्ष को अवश्य आगाह रहना चाहिए कि यह सेंध मामूली ही है। अगर दूसरे प्रस्थान बिंदु से देखें, तो कहा जा सकता है कि महंगाई और अन्य आर्थिक समस्याओं, कुशासन और भ्रष्टाचार जैसे ठोस मुद्दों के बावजूद भाजपा अपना वोट आधार बचाए रखने में लगभग सफल रही है। इसका अर्थ यह है कि भाजपा ने अपने मुद्दों पर मतदाताओं के जिन हिस्सों को गोलबंद किया है, वह बाकी तमाम मसलों को दरकिनार कर पार्टी के साथ बने हुए हैं। ऐसा ही संकेत हाल में देश के अन्य हिस्सों में हुए तमाम चुनावों में भी मिला है।

इसलिए कर्नाटक में जीत के उत्साह में यह सोच लेना अब देश में नैरेटिव बदल गया है और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने प्रतिकूल स्थितियां होंगी, गलत आकलन होगा। कम से कम यह तो जरूर कहा जा सकता है कि ऐसे आकलन को अभी सिर्फ जल्दबाजी या अति-उत्साह कहा जा सकता है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के दो विधानसभा उपचुनावों के साथ-सथ स्थानीय निकाय चुनावों के भी परिणाम भी आए। इनमें भाजपा गठबंधन को भारी जीत मिली। इसलिए सारे देश में सियासी माहौल बदल जाने की बात निराधार है। वैसे भी कर्नाटक में कांग्रेस एक मजबूत समर्थन आधार के साथ मैदान में उतरी थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी उसे भाजपा से लगभग 2.5 प्रतिशत वोट अधिक मिले थे। इस बार उसके वोटों में बढ़ोतरी जेडी (एस) की कीमत पर हुई। स्पष्ट है, उसे भाजपा का मुख्य प्रतिद्वंद्वी होने का लाभ मिला। स्पष्टत: कर्नाटक का परिणाम स्थानीय समीकरणों से तय हुआ।

### चुभती हुई हकीकतें

ताजा सामने आए कुछ आंकड़े मुमकिन है, देश में कम लोगों तक ही पहुंच पाएं। लेकिन जिनकी नजर उन पर है, वे अवश्य ही एक बार फिर देश की असली हकीकत और डेमोग्राफिक डिविडेंड जैसी बातों से आगाह होंगे। चीन के साथ पश्चिम के बढ़ते टकराव के साथ ही पश्चिमी मीडिया ने भारत के आर्थिक विकास के मामले में अगला हॉट स्पॉट होने का गुब्बारा खूब फुला रखा है। भारत सरकार के लिए तो यह एक उपहार की तरह है, जिसकी चुनावी रणनीति में हेडलाइन मैनेज करना और उनके जरिए सकारात्मक धारणाएं बनाना सर्वोपरि महत्त्व का बना रहा है। चूंकि सरकार और पश्चिमी मीडिया एक जैसी बातें कहते सुने जाते हैं, तो इसमें कोई हैरत नहीं है कि भारतीय जनमत का एक बड़ा हिस्सा सचमुच इस कहानी में यकीन कर रहा है। अमेरिका में पढ़ाने वाले भारतीय प्रोफेसरों अरविंद सुब्रह्मण्यम और अशोक मोदी ने हाल में अपने शोधपत्र और किताब से भारत के लोगों को हकीकत का अहसास कराने की कोशिश है, लेकिन उनकी तथ्यपरक बातें कम ही लोगों तक पहुंच पाई हैं। इस माहौल में ताजा सामने आए कुछ आंकड़े भी कम लोगों तक ही पहुंच पाएंगे, लेकिन जिनकी नजर उन पर है, वे अवश्य ही एक बार फिर देश की असली हकीकत पर गौर करेंगे। एक आंकड़ा तो राष्ट्रीय सैंपल सर्वे 2020-21 से सामने आया है, जो डिजिटल इंडिया की असलियत से हमें वाकिफ कराता है। इसके मुताबिक भारत में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में सिर्फ 41 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो इंटरनेट पर किसी फाइल या फोल्डर को कॉपी या उसे मूव करने में सक्षम हैं।

> क्या हमारा देश सिंगापुर, हांगकांग, यूएई की तरह भारत को उच्च शिक्षा का एक लोकप्रिय हब बना सकता है? क्या हम देश के प्रमुख शहरों में विदेशी विद्यार्थियों को आकर्षित करने के समुचित इंतजाम कर सकते हैं? क्या हम विकसित देशों की तरह भारतीय उच्च शिक्षा की छवि सुधारने, उसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग करने और विदेशी विद्यार्थियों को भारत लाने के लिए संगठित प्रयास कर सकते हैं?

# क्या हम फिर बना पाएंगे नालंदा, तक्षशिला

हरिवंश चतुर्वेदी, डायरेक्टर, बिमटेक



उच्च शिक्षा में नया सत्र शुरू होने में बस दो महीने शेष हैं। विश्वविद्यालयों और कॉलेज कैंपस में फिलहाल शिक्षक व विद्यार्थी परीक्षाओं में व्यस्त हैं। गरमी की धूप तेज होने के साथ ही शिक्षा परिसरों में सन्नाटा बढ़ता जाएगा, किंतु पूरी संभावना है कि इन्हीं परिसरों में आगामी महीनों में उच्च शिक्षा का परिदृश्य तेजी से बदलेगा। हमारी उच्च शिक्षा व्यवस्था में क्या नए सुधार और बदलाव होने जा रहे हैं?

पहली बात, तीन साल पहले जिस राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की घोषणा की गई थी, उसकी कुछ खास बातों पर अभी अमल होना बाकी है। राष्ट्रीय स्तर पर 'यूजीसी, एआईसीटीई' और 'मेडिकल कमीशन ऑफ इंडिया' आदि की जगह जिन नियामक संस्थाओं की स्थापना होनी है, उनके गठन से संबंधित कानूनों का अभी संसद में पारित होना बाकी है। संसद के पिछले कई सत्रों में इन संस्थानों के गठन से जुड़े कानूनों को पारित करने की सुर्खियां मीडिया में सामने आईं, किंतु ऐसा हो नहीं पाया। संसद का मानसून सत्र भी 18 जुलाई को शुरू होना है। क्या इस बार कुछ हो पाएगा?

दूसरी बात, देश के सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों और कुछ निजी विश्वविद्यालयों में एनईपी के अंतर्गत चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रमों और 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट' जैसे प्रावधानों पर तेजी से काम चल रहा है, किंतु अभी इन प्रमुख नीतियों की भविष्य में क्या स्थिति होगी, यह शिक्षा से जुड़े बड़े वर्ग को नहीं मालूम। अभी भी कई राज्यों में एनईपी को लेकर कई आशंकाएं हैं। लोग पूछते हैं कि चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रम के लिए अतिरिक्त शिक्षक, पुस्तकें, कक्षाएं और लेबोरेटरी कहां से आएंगी? उच्च शिक्षा के पिछले सत्र (2022-23) में एक बड़ी उपलब्धि रही 53 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में यूजी कक्षाओं में प्रवेश की एकीकृत प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) का संचालन। इस परीक्षा में 9.68 लाख प्रवेशार्थियों ने भाग लिया था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अनुसार, 2023 की सीयूईटी परीक्षा समूचे भारत में और भारत के बाहर 24 शहरों में 21 मई से 31 मई, 2023 तक संचालित की जाएगी। हालांकि, सीयूईटी से राज्यों के विश्वविद्यालयों का जुड़ना बाकी है।

तीसरी बात, यह पहलू भी छिपा नहीं है कि दशकों से विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद भयंकर रूप ले चुका है। गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को अनेक प्रवेश परीक्षाओं में भाग लेने की मजबूरी में पिसना पड़ता है। सीयूईटी निश्चित रूप से एक प्रगतिशील कदम माना गया, किंतु इसके साथ ही कोचिंग का एक बड़ा धंधा पनप गया। पहले ही देश के करोड़ों युवा कोचिंग के आर्थिक-मानसिक बोझ से दबे जा रहे थे। कोटा में हर साल अनेक युवा आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाते हैं।

चौथी बात, भारतीय उच्च शिक्षा से जुड़ी एक ज्वलंत समस्या है प्रतिभा पलायन। बड़ी संख्या में भारतीय विद्यार्थी विदेश पढ़ने चले जाते हैं। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी हानिकारक है और भारतीय उच्च शिक्षा पर भी सवाल उठ खड़े होते हैं। संसद में शिक्षा राज्य मंत्री सुभास सरकार ने बताया था कि कोविड के तत्काल बाद उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले भारतीय युवाओं की तादाद 68 प्रतिशत बढ़ी है। 2021 में विदेश जाने वाले युवाओं की संख्या 4.45 लाख थी, जो 2022 में 7.50 लाख हो गई। ध्यान रहे, 2017 से 2022 के बीच के छह वर्षों में 30 लाख भारतीय युवा उच्च शिक्षा के लिए विदेश गमन कर चुके हैं। इनमें से कितने भारत लौटकर आएंगे, कहना मुश्किल है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवा विद्यार्थियों को विदेश भेजने का 'गौरव' मिल रहा है, जो हमारी उच्च शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं, सीमाओं और चुनौतियों को भी रेखांकित करता है।

क्या हमारा देश सिंगापुर, हांगकांग, यूएई की तरह भारत को उच्च शिक्षा का एक लोकप्रिय हब बना सकता है? क्या हम देश के प्रमुख शहरों में विदेशी विद्यार्थियों को आकर्षित करने के समुचित इंतजाम कर सकते हैं? क्या हम विकसित देशों की तरह भारतीय उच्च शिक्षा की छवि सुधारने, उसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग करने और विदेशी विद्यार्थियों को भारत लाने के लिए संगठित प्रयास कर सकते हैं? क्या यह काम सिर्फ 'स्टडी इंडिया पोर्टल' बनाने से हो जाएगा?

पांचवीं बात, देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों को अपने कैंपस भारत में स्थापित करने के सवाल पर पिछले दो दशक से बहस होती रही है। यूजीसी ने इस दिशा में एक कदम उठाने से पहले शिक्षाविदों और नागरिकों की राय जानने के लिए जनवरी, 2023 में भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस स्थापित करने से संबंधित प्रस्तावित नियमावली को जारी किया। इसके अंतर्गत विदेशी विश्वविद्यालयों को अनेक रियायतें दी गईं, जो भारतीय विश्वविद्यालयों को नहीं मिलती हैं। भारतीय विश्वविद्यालय इस बात से क्षुब्ध हैं कि हम विश्व गुरु बनने के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों का सहारा लेते समय देशी विश्वविद्यालयों के हितों की रखवाली की चिंता नहीं कर रहे हैं। यह सवाल उठ रहा है कि विदेशी संस्थानों को अधिकांश नियमों से छूट मिलेगी, लेकिन उनकी अपनी कोई जवाबदेही नहीं होगी। वे कितने विदेशी प्रोफेसर लाएंगे या देशी विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर को ज्यादा पैसे देकर कितना नुकसान करेंगे?

आज उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अधिकांश विश्वविद्यालय और कॉलेज अभी भी अपनी गुणवत्ता को अपेक्षित मानकों के अनुरूप सुधार नहीं पाए हैं। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए 1986 की राष्ट्रीय नीति के तहत 1993-94 में नैक एवं एनबीए जैसी एक्रेडिटेशन संस्थाओं की स्थापना की गई थी। किंतु पिछले तीन दशकों में मात्र 20 प्रतिशत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का ही एक्रेडिटेशन हो पाया है, जिनमें मुश्किल से 5 से 10 प्रतिशत संस्थानों को ही 'ए', 'ए प्लस' या 'ए प्लस प्लस' ग्रेड मिल पाए हैं। बस उम्मीद ही है कि एक्रेडिटेशन के क्षेत्र में भारत 'वाशिंगटन एकॉर्ड' के अनुरूप अपने संस्थानों को चुस्त-दुरुस्त कर पाएगा।

कुल मिलाकर, उच्च शिक्षा के नए सत्र 2023-24 में अनेक सुधारों और बदलावों की संभावना है। क्या हम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ढंग से लागू कर पाएंगे? क्या हम नालंदा और तक्षशिला जैसे उच्च शिक्षा के आदर्श मंदिरों को फिर खड़ा कर पाएंगे?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# हरित दीवारों में सेंध और शहरों पर बार-बार धूल की चादर

अनुमिता रॉयचौधरी, कार्यकारी निदेशक, सीएसई



हल्की बूंदाबांदी के बाद दिल्ली के आसमान पर छाई धूल की चादर फिलहाल छंट चुकी है, लेकिन यह ऐसी मौसमी परिघटना है, जिससे हम हर वर्ष गरमियों में जूझते ही हैं। इस साल भी आने वाले दिन इसके गवाह बन सकते हैं, जब हमारे आस-पास की हवा बेहिसाब पीएम-10 से भर जाएगी। मौसम विभाग की मानें, तो पश्चिमी विक्षोभ के कारण एक बड़े क्षेत्र में मौसमी बदलाव हुआ, जिसके कारण हवा की रफ्तार बढ़ी, और उसने आसपास के शहरों की धूल को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक पहुंचा दिया।

मगर पूरे आसमान के यूं धूसरित हो जाने की कई अन्य वजहें भी हैं, जिनको हम दो हिस्सों में- प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित, बांट सकते हैं। प्राकृतिक कारणों में सबसे पहला यही है कि उत्तर भारत की मिट्टी ढीली है। इसमें नमी काफी कम है, और यह 'एक्स्पोज्ड' यानी अनावृत भी है, यानी मिट्टी को जमीन से बांधने के लिए जरूरी पेड़-पौधे, घास-पात या जंगल आदि यहां तुलनात्मक रूप से काफी कम हैं। नतीजतन, जब पर्यावरणीय स्थिति बिगड़ती है, तो धूल की आंधी शुरू हो जाती है। मानव-निर्मित कारणों में, जिनसे यह समस्या और गहरा रही है, सबसे बड़ा है- जलवायु परिवर्तन। इसकी वजह से तापमान बढ़ रहा है, जिससे हवा की गति प्रभावित हो रही है। यही रफ्तार धूल को आसमान की ओर ले जाती है। फिर, हरित क्षेत्र भी लगातार कम हो रहे हैं। यह जानते हुए भी हरियाली मिट्टी को बांधे रखती है, हम अपने इस सुरक्षा कवच को नुकसान पहुंचा रहे हैं। दिल्ली में ही अरावली के काफी समृद्ध जंगल थे, जिसको 'हरित दीवार' कहा जाता था, लेकिन अब इसके क्षेत्रफल में सेंध लगाने के कारण धूल की समस्या बढ़ गई है।

धूल का वायु प्रदूषण से भी गहरा संबंध है। इससे प्रदूषण में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इनका जल्द प्रबंधन आवश्यक है। इसके लिए हमें राष्ट्रीय और क्षेत्रीय, दोनों स्तरों पर काम करना होगा। अपने आस-पास हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ हमें जल-स्रोतों की भी रक्षा करनी होगी या उनका पुनरोद्धार करना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि शहरों में प्रतिव्यक्ति नौ वर्गमीटर हरियाली होनी चाहिए। यह निर्देश महानगरों में दम तोड़ देता है, क्योंकि यहां दूर-दूर तक कंक्रीट बिछे हुए हैं। ऐसे में, पुनर्विकास के दरम्यान हमें मानक के अनुसार हरियाली की व्यवस्था करनी होगी। जल-स्रोतों के बारे में भी यही कहा जाएगा। जल शक्ति मंत्रालय के मुताबिक, देश भर में 24.24 लाख जल-निकाय हैं, जिनमें से करीब 97 फीसदी गांवों में हैं और शहरों में बमुश्किल तीन फीसदी। इस तस्वीर को संवारने के प्रयास देश भर में किए जाने की जरूरत है। अच्छी बात है कि दिल्ली सरकार ने अपनी योजना के पहले चरण में 250 जल-निकायों और 15 झीलों के पुनरोद्धार को गति देने का फैसला किया है। अपनी जमीन को 'हीट आइलैंड' बनने से बचाने के लिए हमें व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान भी चलाना होगा, साथ-साथ मिट्टी को स्थिर रखने की आधुनिक तकनीकें भी अपनानी होंगी। हम चाहें, तो सड़कों के किनारे वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर कुछ हरियाली बढ़ा सकते हैं, ताकि हरित दीवार खड़ी हो सके।

इस तरह की मौसमी परिघटना से सिर्फ दिल्ली नहीं जूझ रही। खासतौर से पूरा उत्तर भारत इससे मुकाबिल है। इसका अर्थ है कि शहर ही नहीं, गांव भी बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। छोटे शहरों में तो निर्माण-कार्य ने हवा में सूक्ष्म कणों की मात्रा बढ़ाई है। वहां यदि नियामक तंत्र सक्रिय हो, तो निर्माण-कार्यों से होने वाले प्रदूषण पर काफी हद तक लगाम लगाई जा सकती है। फिर, सड़कों पर गाड़ियों की भीड़ को भी कम करने की दरकार होगी। जरूरी यह भी है कि मास्टर प्लान में धूल या वायु प्रदूषण से पार पाने के उपायों पर गंभीरता दिखाई जाए। खेतों में भी मिट्टी को स्थिर करने की तकनीकें अपनानी होंगी। सुखद है कि केंद्र व राज्य सरकारें वायु प्रदूषण को कम करने के लिए योजनाएं बना रही हैं, लेकिन हमें यह देखना होगा कि वे कितनी तेजी से लागू हो पाती हैं। यदि योजनाएं जमीन पर नहीं उतरेंगी, तो समस्या का समाधान भला कैसे हो सकेगा?

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# भाजपा को अपनी रणनीति पर सोचना होगा

अजीत द्विवेदी



कर्नाटक के चुनाव नतीजों की जैसी व्याख्या भाजपा कर रही है या कम से कम उसके प्रवक्ता टेलीविजन की बहसों और सोशल मीडिया के विमर्श में जिस तरह से इसका बचाव कर रहे हैं वह भाजपा के लिए आत्मघाती हो सकता है। यह सही है कि उसने अपना वोट नहीं गंवाया है। वह अपना पारंपरिक 36 फीसदी वोट बचाए रखने में कामयाब रही है। लेकिन उसे समझना होगा कि यह वोट उसकी जीत की गारंटी नहीं है। त्रिकोणात्मक चुनाव में इतने वोट पर चुनाव जीता जा सकता है लेकिन किसी भी राज्य में आमने सामने के चुनाव में यह आंकड़ा बहुत कम है। कर्नाटक की तीसरी पार्टी जेडीएस ने पांच फीसदी वोट गंवाए तो कांग्रेस को भाजपा से 70 सीट ज्यादा मिल गई। भाजपा और कांग्रेस में सात फीसदी वोट का अंतर है लेकिन कांग्रेस को उससे दोगुने से ज्यादा सीटें मिली हैं। इसलिए 36 फीसदी वोट मिलने के नाम पर हर रणनीति का बचाव करना ठीक नहीं है। भाजपा को इस चुनाव से सबक लेना होगा और राजनीतिक मुद्दों से लेकर संगठन तक में अब तक आजमाए जा चुके नुस्खों पर नए सिरे से विचार करना होगा।

मिसाल के तौर पर भाजपा का चुनाव जीतने का एक नुस्खा यह है कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदल दो, मंत्रियों को बदल दो, ज्यादा से ज्यादा विधायकों की टिकट काट दो और नए चेहरों को मैदान में उतारो। कुछ राज्यों में यह रणनीति कारगर रही है लेकिन यह कोई रामबाण नुस्खा नहीं है, जो हर जगह काम करेगा। उत्तराखंड और गुजरात में यह योजना सफल रही थी लेकिन कर्नाटक में यह रणनीति पिट गई। भाजपा ने उम्र के हवाले बीएस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाया था। उसको लग रहा था कि येदियुरप्पा को हटाने से उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से भाजपा को मुक्ति मिल जाएगी, एंटी इन्कम्बैंसी भी खत्म हो जाएगी और नया चेहरा होने से लोगों में उम्मीद बंधेगी। इस रणनीति पर अमल करते हुए भाजपा को यह ध्यान रखना चाहिए था कि येदियुरप्पा की जगह जो चेहरा लाया जा रहा है वह कितना लोकप्रिय है। इसी तरह एंटी इन्कम्बैंसी कम करने के लिए विधायकों या पूर्व प्रत्याशियों की टिकट काटी गई और राज्य की 224 में से 72 सीटों पर नए चेहरे उतारे गए। इन 72 में से 62 नए चेहरे चुनाव हार गए हैं। जाहिर है सिर्फ चेहरा बदलना पर्याप्त नहीं है। नया चेहरा कितना दमदार है यह ज्यादा अहम है।

लेकिन भाजपा इस पर विचार इसलिए नहीं करती है क्योंकि उसे लगता है कि एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा ही काफी है, किसी दूसरे दमदार चेहरे की जरूरत नहीं है। इस सोच की सीमाएं भी कर्नाटक में दिखाई दे गई हैं। प्रधानमंत्री का चेहरा दांव पर लगाने के बावजूद भाजपा वहां कुछ नहीं कर पाई। प्रधानमंत्री का चेहरा भाजपा के काम नहीं आया क्योंकि स्थानीय स्तर पर जो चेहरे थे लोग उनसे नाराज थे। मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने और जीतने के भरोसे में भाजपा ने अपने कई मजबूत नेताओं को किनारे किए, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ी। उनको अपना मुख्यमंत्री चुनना था, जबकि प्रचार गुजरात और उत्तर प्रदेश के नेताओं के चेहरे पर हो रहा था। कर्नाटक जैसे भाषायी अस्मिता वाले राज्य की संवेदनशीलता का जरा भी ध्यान रखा गया होता तो राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं के चेहरों का एक संतुलन बनाने का प्रयास होता। भाजपा को समझना होगा कि निराकार चेहरों को आगे करके हर जगह मोदी के नाम पर चुनाव नहीं जीता जा सकता है।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डबल इंजन की सरकार का एक नैरेटिव बनाया है। सोचें, देश में दशकों तक केंद्र और राज्यों में कांग्रेस की ही सरकारें होती थीं लेकिन तब किसी ने विकास के लिए दोनों जगह एक ही पार्टी की सरकार होने यानी डबल इंजन की सरकार की जरूरत नहीं बताई। लेकिन अब हर जगह डबल इंजन की सरकार की जरूरत बताई जाती है। इसके अगर कुछ फायदे हैं तो नुकसान भी है। डबल इंजन की सरकार डबल एंटी इन्कम्बैंसी भी लाती है। उसकी विफलताएं भी दोहरी हो जाती हैं। लोगों का काम नहीं होता है या उनकी मुश्किलें बढ़ती हैं तो उनकी नाराजगी भी दोहरी होती है। वे डबल इंजन की सरकार को डबल फेल यानी दोगुना अक्षम मानने को मजबूर होते हैं। इससे उनका गुस्सा भी डबल होता है और वे दोहरे जोश के साथ नया विकल्प आजमाते हैं। कम से कम कर्नाटक में तो यही देखने को मिला है।

कर्नाटक नतीजों के बाद भाजपा को अपने चुनावी एजेंडे के बारे में भी गंभीरता से सोचना होगा। उसे समझना होगा कि हिंदुत्व या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले एजेंडे की भी एक सीमा होती है या उसकी भी एक्सपायरी डेट होती है। हर जगह और हर समय यह एजेंडा नहीं चल सकता है। हो सकता है कि सांप्रदायिक रूप से बहुत संवेदनशील राज्यों में या उत्तर, पश्चिम भारत के राज्यों में यह एजेंडा चले क्योंकि लंबे समय तक मंदिर-मस्जिद और जाति की राजनीति की वजह से इन राज्यों के नौजवानों अपनी आकांक्षाएं गवां चुके हैं या उनकी कोई आकांक्षा कभी पनपी ही नहीं है। लेकिन कर्नाटक जैसे आकांक्षी राज्य में, जिसकी राजधानी बेंगलुरू एक समय एशिया के सिलिकॉन वैली की तरह उभरी थी वहां हिजाब पर पाबंदी, हलाल मीट का विरोध, टीपू सुल्तान को किसने मारा की बहस, लव जिहाद की बहस, बजरंग दल का बचाव करना जैसे मुद्दों पर चुनाव लड़ना कोई समझदारी की बात नहीं थी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़









## खास खबर

### अनुसूचित जनजाति योजनांतर्गतः टर्म लोन के लिए पात्र आवेदकों से 12 जून तक आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जनजाति योजनांतर्गत टर्म लोन योजना ष्ट।।त्न 270 व ष्ट।।त्न-262 में ईकाई लागत 3 लाख रुपए एवं 5 लाख रुपए कृषि क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये प्रत्येक योजना में 01-01 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत ऋण लेने के इच्छुक 18 से 50 वर्ष के युवक-युवतियाँ आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ आवेदक को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण-पत्र (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में 3 लाख रुपए से अधिक न हो) एवं आवेदन के साथ एक पासपोर्ट साईज फोटो लगाना होगा। इसके लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को विशेष प्राथमिकता दिया जायेगा। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी ने बताया कि योजना के तहत ऋण लेने के इच्छुक आवेदकों को ऋण स्वीकृत किए जाने की स्थिति में आवेदक को ऋण के बराबर का जमानत देना होगा। यह ऋण 5 वर्ष के लिए होगा तथा 6 प्रतिशत वार्षिक दर से प्रतिमाह किश्त के रूप में वसूली की जायेगी। अनुसूचित जनजाति वर्ग में कोई भी व्यक्ति यदि शासकीय योजनांतर्गत लाभ लिया हो, उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा। आवेदक व्यवसाय से संबंधित परियोजना प्रस्ताव अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ जमा करें।पात्र आवेदक आवेदन पत्र नि:शुल्क कार्यालय से प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर कार्यालयीन समय सबेरे 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक 12 जून तक कार्यालय कलेक्टर परिसर, द्वितीय तल, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, मर्या. रायपुर, कक्ष क्र.-34 में निर्धारित अवधि में आवेदन प्राप्त व जमा कर सकते हैं।

### गोधन न्याय योजना से हो रही है 3 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित

**रायपुर।** आर्थिक मोर्चे पर तेज विकास के लिए किसी भी कार्यशील आबादी में पुरूषों के साथ महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम करना सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस दिशा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाओं से कार्यशील आबादी में महिलाओं का प्रतिशत तेजी से बढ़ा है। गोबर बेचने के साथ विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर अर्जित कर रही है अतिरिक्त आय गोधन न्याय योजना को ही लें जिसमें खेती के अतिरिक्त आय का जरिया ग्रामीणों को प्राप्त हुआ। इसके भागीदारों में 46 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। इस तरह अकेले इसी योजना से एक लाख 71 हजार महिलाओं की आर्थिक स्थिति दुरूस्त हुई है। इस योजना के तहत गोबर बेचने तथा गौठान से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों में 3 लाख से अधिक महिलाओं की सीधी सहभागिता है। ये महिलाएं आर्थिक गतिविधियों जुड़कर प्रदेश की प्रगति में अपना योगदान दे रही है। गोधन न्याय योजना से छत्तीसगढ़ में विभिन्न वर्गों को सम्बल मिल रहा है। इस योजना से 3 लाख 41 हजार 713 पशुपालक लाभान्वित हुए हैं, इन सब में विशेष बात यह है कि इनमें 46 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की सहभागिता है। महिलाएं गोबर बेचकर एक अच्छी आय अर्जित कर रही है। साथ ही अपने परिवार को सहारा भी प्रदान कर रही है। कहीं उन्होंने गोबर बेचकर अपने लिए दो पहिया वाहन खरीदे, तो कहीं उन्होंने अपने परिवार के लिए मकान बनाने में मदद की है।

# धमतरी में 23 सब इंजीनियरों को मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**लम्बे इंतजार के बाद नियुक्ति आदेश जारी होने से उत्साहित युवा, सीएम भूपेश बघेल के प्रति जताया आभार**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विभिन्न पदों पर भर्तियों की जा रही है। जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को शासकीय सेवा के अवसर प्राप्त हुए है। जल संसाधन विभाग द्वारा भी 352 उप अभियंताओं की नियुक्ति हुई है। धमतरी में पदस्थ हुए 23 उप अभियंताओं ने धमतरी में ग्राम भटगांव में भेंट-मुलाकात के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर उनके प्रति आभार जताया। युवाओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि इतनी बड़ी संख्या में विभाग में नियुक्ति होने से युवाओं का हौसला बढ़ा है और वे सभी मन लगाकर बढ़िया कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने भी युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल संसाधन विभाग खेती-किसानी और आम-आदमी की पानी जैसी बुनियादी जरूरतों से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ के परिदृश्य को देखते हुए इस विभाग में अधोसंरचना विकसित करने करने की बड़ी गुंजाइश है। आप सभी खूब मेहनत करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन का यह प्रयास है कि विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर तेजी से भर्तियां हों। युवाओं को शासकीय सेवा में काम करने का अवसर मिले। इसी का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ में शासकीय नौकरियों में भर्ती का सिलसिला तेजी से शुरू हो गया है। विभिन्न विभागों द्वारा नई भर्ती के लिए लगातार विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं, इसी प्रकार जहां चयन प्रक्रिया पूरी हो गई, वहां नियुक्ति आदेश जारी किए जा रहे हैं। लम्बे इंतजार के बाद नियुक्ति आदेश प्राप्त होने से उत्साहित जल संसाधन विभाग के चयनित उप अभियंताओं ने मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नये उप अभियंताओं की भर्ती करने से जहां एक ओर उनके करियर को स्थायित्व मिला है। वहीं परिवार वालों के सपने को पूरा करने में मदद मिलेगी। वहीं साथ ही परिवार की आर्थिक जरूरतों भी पूरी होगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में चयनित सभी इंजीनियरों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में आने का आपका और आपके परिवार का सपना पूरा हुआ है। अब हम सबको मिलकर छत्तीसगढ़ की जनता के सपनों को साकार करना है, आप पर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग में भी काफी दिनों बाद इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियरों की भर्ती की गई है। जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों को खेतों तक पानी पहुंचाने के साथ उद्योगों को पानी की आपूर्ति तथा पेयजल व्यवस्था का भी ध्यान रखना है, इसके लिए आप लोगों से जनता की बड़ी आशाएं हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर पर जल संसाधन विभाग में उप अभियंता के 400 पदों पर जल संसाधन विभाग द्वारा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, भर्ती प्रक्रिया पूर्ण के बाद चयनित 352 उप अभियंताओं के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। शेष 48 पदों पर जल्द आदेश जारी किए जाएंगे। वहीं जिले में जल संसाधन विभाग अंतर्गत 23 उप अभियंताओं की पदस्थापना की गयी है। जल संसाधन विभाग में नियुक्ति पाने से उत्साहित जूनियर इंजीनियरों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए जल संसाधन विभाग के नव नियुक्त उप अभियंता विनीत सुनाकर ने कहा कि नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर का निवासी होने के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में परेशानी होती थी, जिससे रोजगार के अवसर कम मिल पाते थे। लेकिन प्रदेश के मुखिया ने इतनी बड़ी संख्या में भर्ती निकाल कर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया है, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी को साधुवाद देती हूं।

वहीं जल संसाधन विभाग में

**मुख्यमंत्री बघेल से सुप्रसिद्ध कथावाचक देवी चित्रलेखा ने की सौजन्य मुलाकात**

## गौवंश संरक्षण के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की सराहना की




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध कथावाचक देवी चित्रलेखा ने सौजन्य मुलाकात की। देवी चित्रलेखा से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें छत्तीसगढ़ में गौ-माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाई जा रही गोधन न्याय योजना की जानकारी दी। देवी चित्रलेखा ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल को खुद की लिखी हुई श्रीमद् भगवद् गीता की पुस्तक भी भेंट की।

मुख्यमंत्री ने देवी चित्रलेखा को बताया की हमारी सरकार गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए गौठनों के माध्यम से गोधन न्याय योजना का संचालन कर रही है। इस योजना में 2 रूपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीदी की जा रही है। इससे गौ वंश की सुरक्षा के साथ साथ गौपालकों एवं आम लोगों की आमदनी में भी वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ने उन्हें गौठानों में गोबर से बनाए जाने वाले उत्पादों की भी जानकारी दी और बताया की गौठान कैसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त मॉडल बनकर कर उभर रहे हैं। देवी चित्रलेखा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी संस्था के द्वारा हरियाणा के पलवल जिले में गौ सेवा धाम हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। इस संस्था में गौ-माता की सेवा, संरक्षण और इलाज किया जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को गौ सेवा धाम हॉस्पिटल के अवलोकन के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर माधव तिवारी, श्रीमती पुष्पा तिवारी और पुनीत गौर भी मौजूद थे।

# मंत्री ताम्रध्वज साहू की अनुशंसा पर दुर्ग ग्रामीण विस क्षेत्र में 29 कार्यों के लिए 3 करोड़ 59 लाख रुपये स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग,।** प्रदेश के गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधयाक ताम्रध्वज साहू के अनुशंसा से लोक निर्माण विभाग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में सी सी सड़क निर्माण एवं नगर निगम रिसाली के विभिन्न वार्डो में सी सी रोड़ का संधारण कार्यों के 3 करोड़ 59 लाख 62 हजार राशि की स्वीकृति प्रदान किया गया।

जिसमें ग्राम धनोरा के सरोजनी नगर में एन. एस. आडिल के घर के पास चौक शिव मंदिर तक सी सी रोड़ निर्माण कार्य के लिए लगात राशि 13.66 लाख , ग्राम धनोरा के मातृ छाया मुहल्ला वार्ड क्रामंक 8 में सी सी रोड निर्माण कार्य राशि 14.40 लाख ग्राम धनोरा के सरोजनी नगर में अशोक गजेंद्र घर से हरिलाल सुमन के घर तक सी सी रोड़ निर्माण कार्य राशि 18.78 लाख ग्राम धनोरा के रमेश भारती घर से गीताजंली फूड्स तक सी सी सड़क निर्माण कार्य 14 लाख ग्राम अंजोरा में मुख्य मार्ग में समरसता भवन पहुंच मार्ग सी सी सड़क निर्माण कार्य 7.88 लाख ग्राम डुमरडींह वार्ड 20 में दुर्ग पाटन मुख्य मार्ग में सुखीराम घर से यशवंत नायक घर सी सी रोड़ निर्माण कार्य 18.54 लाख ग्राम उमरपोटी में चंद्रनगर में एम पी श्रीवास्तव के घर से राजेन्द्र यादव के घर तक सी सी सड़क निर्माण कार्य 18.44 लाख ग्राम अंजोरा में मुख्य मार्ग से पी डी एस भवन पहुंच मार्ग सी सी सड़क निर्माण कार्य लागत राशि 7.89 लाख ग्राम खोपली में मुख्य मार्ग से शमशान घाट पहुंच मार्ग सी सी रोड़ निर्माण कार्य 5.78 लाख ग्राम धनोरा बोरसी उमरपोटी मुख्यमार्ग से चपला मैदान तक सी सी रोड़ निर्माण कार्य 17.75 लाख बोरसी धनोरा मुख्य मार्ग कंचन ट्रेडर्स से सोभित पटेल व देवांगन घर आगनबाड़ी क्रमांक 02तक सी सी रोड़ निर्माण कार्य 18.54 लाख ग्राम उमरपोटी वार्ड क्रमांक 03 पुनुदास साहू के घर से सरदार घर तक व सुशील तिवारी के घर से वर्मा घर तक सी सी सड़क रोड़ निर्माण कार्य राशि 18.72 लाख ग्राम बोरसी के शीतला नगर में बी बाबरे के घर से अशोक चौरसिया के घर तक सी सी सड़क रोड़ निर्माण कार्य 18.85 लाख ग्राम पिसेगांव मुख्य मार्ग से आंतरिक मार्ग पिसेगांव तक सी सी सड़क रोड़ निर्माण कार्य राशि 13.46 लाख ग्राम कुथरेल में ग्राम भानपुरी मुख्य मार्ग सखादास मानिकपुरी घर तक सी सी सड़क रोड़ निर्माण कार्य 11.92 लाख ग्राम मंचादूर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंचादुर के सामने नहर पर 2 मीटर कलवर्ट निर्माण कार्य लागत राशि 15.90 लाख नगर निगम रिसाली में फैस 6 गली क्रमांक 4 मैत्री नगर शक्ति विहार रिसाली दुर्ग में मुख्य मार्ग से आंतरिक मार्ग तक सी सी रोड़ निर्माण कार्य 19.97 लाख वार्ड क्रामंक 05 डीपीएस स्कूल से सेंटथामस कालेज तक डामरीकृत मार्ग का संधारण कार्य राशि 8.73 लाख वार्ड क्रमांक 24 आजाद मार्केट अंगूरी बार से बजरंग हार्डवेयर, बाला जी के घर तक सी सी मार्ग का संधारण कार्य 4.76 लाख वार्ड क्रमांक 03 से अंकित जनरल स्टोर से प्रदीप यादव , संतोष,आदिल के घर तक सी सी रोड़ संधारण कार्य 9.64 लाख , वार्ड 21 में सूर्या नगर लक्ष्मी कुर्रे घर से जमुना घर तक सी सी रोड़ संधारण कार्य राशि 3.62 लाख वार्ड 21 में सूर्या नगर कोमलाल कोसरे घर से कोमल सिन्हा घर तक सी सी सड़क 4.39 लाख वार्ड 37 में जोरातराई मुख्य मार्ग से चेतन मंधी घर तक सी सी मार्ग का संधारण कार्य 7.07 लाख वार्ड क्रामंक 38 में स्टोर पारा पुरैना चिंटू दुकान से दशरथ घर तक सी सी मार्ग संधारण कार्य 6.85 लाख वार्ड क्रमांक 26 में अवधपुरी रिसाली सरस्वती कुंज पश्चिम,मुख्य मार्ग से भूरीडबरी मंदिर तक सी सी मार्ग का संधारण कार्य 13.94 लाख एवं पटेल किराना तक सी सी रोड़ पहुंच मार्ग का संधारण कार्य 13.23 लाख वार्ड क्रमांक 34 नेवई बस्ती पश्चिम पुरन साहू के घर से मदन लाल बंजारे के घर तक सी सी पहुंच मार्ग का संधारण कार्य 4.76 लाख गली क्रमांक 03 फेस 6 मैत्री नगर शक्ति विहार रिसाली में मुख्य मार्ग से आंतरिक मार्ग तक सी सी पहुंच मार्ग का संधारण कार्य 20 लाख वार्ड क्रमांक 32 नेवई भाटा नहर किनारे सावित्री साहू के घर से खुशबू साहू के घर तक एवं अनुज साहू घर तक सी सी पहुंच मार्ग का संधारण कार्य राशि 8.15 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

## झीरम श्रद्धांजलि दिवस 25 को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सभी शासकीय और अर्द्धशासकीय कार्यालयों में झीरम घाटी के शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि**

**रायपुर।** झीरम श्रद्धांजलि दिवस के अवसर पर 25 मई प्रदेश के सभी शासकीय-अर्धशासकीय कार्यालय में झीरम घाटी में शहीद हुए जनप्रतिनिधियों, सुरक्षाबलों के जवानों तथा नक्सल हिंसा में वर्तमान तथा विगत वर्षों में शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष 25 मई को झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी झीरम घाटी श्रद्धांजलि दिवस के दिन शहीदों की स्मृति में सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखा जाएगा।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अधिकारियों-कर्मचारियों को राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी। झीरम घाटी श्रद्धांजलि दिवस मनाए जाने के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के समस्त विभाग, राजस्व मंडल के अध्यक्ष, समस्त विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टरों को पत्र प्रेषित किया है।







# कलेक्टर ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर ।कलेक्टर रिमिजियुस एक्का आज जल-जीवन मिशन के तहत् नल कनेक्शन की स्थिति का जायजा लेने औचक निरीक्षण पर निकले। बलरामपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तातापानी, धनगांव एवं मझौली में उन्होंने नल कनेक्शन की वस्तुस्थिति का जायजा लिया।**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर जल-आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत भनौरा के सतीसेमर के नवनिर्मित गौठान का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि कलेक्टर के निर्देशन में जिले में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस हेतु गत दिवस कलेक्टर द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई तथा उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा स्वयं जल जीवन मिशन के कार्य का मॉनिटरिंग किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने आज ग्राम तातापानी एवं मझौली पहुंचकर जल जीवन मिशन के तहत् आपूर्ति किये जा रहे पेयजल की जानकारी ली। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत तातापानी तथा मझौली में सुबह एवं शाम नियमित पानी की आपूर्ति की जा रही है। कलेक्टर श्री एक्का ने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए नियमित पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्री एक्का ने धनगांव में निर्माणाधीन पानी टंकी एवं पाइप विस्तार के प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामग्री की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य, टंकी निर्माण सहित पाइप की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्राम सतीसेमर में नवनिर्मित गौठान का निरीक्षण कर संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा गौठान में सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए।




## खास खबर...



### व्यक्तिगत व्यवहार व आदतों का पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव विषय पर वाद-विवाद एवं युवा संसद का आयोजन

व्यक्तिगत व्यवहार व आदतों का पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा कलिंगा विश्वविद्यालय, नवा रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में व्यक्तिगत व्यवहार व आदतों का पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव विषय पर वाद-विवाद एवं युवा संसद का आयोजन कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने किया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. श्रीधर ने प्रकृति को बचाने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. अनिता सावंत ने कहा कि वर्तमान में हमें अपने जीवन शैली में बदलाव लाते हुए उसे पर्यावरण के अनुकुल बनाने की जरूरत है। मण्डल के जनसंपर्क अधिकारी, अमर प्रकाश सावंत ने कहा कि हमें प्लास्टिक पॉलीथीन के उपयोग से बचना चाहिए और कपड़े या जूट के थैलों का इस्तेमाल करना चाहिए।

कार्यक्रम में कलिंगा विश्वविद्यालय, अमेटी विश्वविद्यालय, आईआईआईटी, नवा रायपुर, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय एवं भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कुल 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 10 विद्यार्थियों का चयन कर इन्हें ईस्ट जोन की प्रतियोगिता के लिए नई दिल्ली भेजा जाएगा। जहां यह प्रतियोगिता 01 व 02 जून को आयोजित की जाएगी।

### कोरोना की पॉजिटिविटी दर में लगातार गिरावट, घटकर 1.62 प्रतिशत हुई

सप्ताह भर में 609 मरीज हुए कोरोना से स्वस्थ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमने से अब पॉजिटिविटी दर घटकर 1.62 प्रतिशत हो गई है। एक सप्ताह पहले 10 मई को यह दर 2.21 प्रतिशत थी। विगत 17 मई को प्रदेश भर में हुए कुल 2533 सैंपलों की जांच में 41 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। राज्य में पिछले एक सप्ताह में 609 मरीज कोविड-19 से स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश में अभी इसके सक्रिय मरीजों की संख्या 309 है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जशपुर और कोंडागांव जिले में अभी कोरोना संक्रमित एक भी व्यक्ति नहीं है।

प्रदेश में सप्ताह भर पहले 10 मई की स्थिति में कोविड-19 के सक्रिय मरीजों की संख्या 599 थी जो अब घटकर 17 मई की स्थिति में 309 हो गई है। इस दौरान राज्य में 609 मरीज कोरोनामुक्त हुए हैं। इनमें से 592 मरीज होम आइसोलेशन में उपचाररत रहकर स्वस्थ हुए हैं। वहीं 17 मरीज अस्पताल में इलाज के बाद स्वस्थ हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण के लक्षण वाले लोगों को तत्काल कोरोना जांच कराने की अपील की है।

# क्षेत्र में सरसों की खेती के लिए किसानों को करें प्रोत्साहित : डॉ. कमलप्रीत सिंह

## मिलेट मिशन में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश

### कृषि उत्पादन आयुक्त ने बस्तर संभाग की खरीफ 2023 के कार्यक्रम निर्धारण एवं रबी 2022-23 फसलों की प्रगति की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि बस्तर संभाग एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है यहाँ पर सरसों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बस्तर संभाग के किसान प्राकृतिक रूप से खेती करते हैं जो कि बहुत कम रासायनिक खादों का उपयोग करते है। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट खादों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें और अधिक उत्पादन देने वाले बीजों का वितरण करवाएं, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. सिंह जगदलपुर में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में बस्तर संभाग के वर्ष 2023 के लिए खरीफ फसल निर्धारण एवं वर्ष 2022-23 की रबी फसल कार्यक्रम की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।



डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि कोदो, कुटकी, कुल्थी जैसे उत्पाद का रकबा बढ़ाने की आवश्यकता है साथ ही मिलेट मिशन में अधिक से अधिक किसानों को जोड़े। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी एवं वाणिज्यिक फसलों की खेती में परम्परागत खेती से कई गुना ज्यादा आमदनी होती हैं। राज्य सरकार इनकी खेती के लिए आकर्षक अनुदान के साथ इस साल से सहकारी बैंक शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण भी मुहैया करा रही है। लिहाजा किसानों को योजनाओं की जानकारी देकर इनकी खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कोंडागांव जिले में निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट की प्रगति की जानकारी ली और प्लांट संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था, ऑइल कंपनियों से समन्वय करने, दूसरे राज्यों में संचालित एथेनाल प्लांट में एक्सपोजर विजिट करवाने के निर्देश दिए।

डॉ सिंह ने कहा की खादों की बिक्री पॉश मशीन से ही किया जाए। सनई एवं ढेंचा जैसे जैविक खाद को किसानों की प्रैक्टिस में लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि किसानों की आमदनी तभी बढ़ेगी जब उन्हें खेती के लिए आसान ऋण मिले। इसके लिए हर किसान को केसीसी योजना का लाभ दिलाया जाये। साथ ही आगामी गिरदावरी कार्य और फसल कटाई प्रयोग कार्य का राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष ध्यान देकर करवाने के निर्देश दिए। साथ ही गोठनों के विकास तथा रीपा की गतिविधियों, गोठनों में पैरादान, चारागाह का विकास, स्वावलंबी गोठनों, गोठनों में आर्थिक गतिविधियां, गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट निर्माण व विक्रय, गोधन न्याय योजना के तहत गोठनों में गोबर खरीदी, खरीदी के आधार पर वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण और विक्रय के संबंध में भी निर्देश दिए।

डॉ. सिंह ने कहा गौठानों में उद्यानिकी विभाग द्वारा विकसित किये गये सामुदायिक बाड़ी योजना के तहत जिलों के आंगनबाड़ी, आश्रम छात्रावास और सुरक्षा बलों के कैम्प को लिंक कर यहां उत्पादित साग-सब्जी को बिक्री को बढ़ाए जिससे महिला समूह को और ज्यादा फायदा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि परम्परागत फसलों में आमदनी की एक सीमा होती है। ज्यादा आमदनी के लिए किसानों को वाणिज्यिक खेती की ओर प्रेरित करना होगा। राज्य सरकार इनकी खेती के लिए अनुदान के साथ गारण्टी भी देती है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करने के लिए प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में संभागायुक्त श्याम धावड़े, विशेष सचिव फकीर अयाज तम्बोली, संचालक जलग्रहण रणवीर शर्मा, उद्यानिकी संचालक मतेश्वरन व्ही, कृषि उप सचिव तुलिका प्रजापति और संचालक मत्स्य एस एस नाग सहित संभाग के सभी जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, उप संचालक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

#### योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसानों को ऋण सम्बन्धित जरूरतों को पूरा करने के केसीसी कार्य को आवश्यक बताया। कमिश्नर धावड़े ने बताया कि केसीसी कार्य में सभी जिलों ने अच्छी मेहनत की है साथ ही वन अधिकार मान्यता पत्रक धारकों को भी केसीसी कर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बैठक में किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, अल्प कालीन फसल ऋण वितरण, धान के बदले अन्य फसलों को बढ़ावा, जलग्रहण क्षेत्र की स्वीकृत परियोजना की वित्तीय व भौतिक प्रगति, उद्यानिकी विभाग की योजनाओं, पशुपालन विभाग की योजनाओं और मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# छत्तीसगढ़ में तेजी से खोले जा रहे परिवहन सुविधा केन्द्र

## अब तक 451 परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित




### अनाधिकृत एजेंटों के चक्कर लगाने की नहीं होगी जरूरत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में परिवहन संबंधी सेवाओं को आसान और घर के निकट उपलब्ध कराने के लिए तेजी से परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जा रहे हैं। इसके तहत प्रदेश में अब तक 451 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है।**

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिवहन संबंधी सेवाओं में विस्तार के लिए राज्यभर में 1000 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना की घोषणा की है। इन सुविधा के बाद परिवहन संबंधी सुविधाओं के लिए लोगों को अनाधिकृत एजेंटों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी, वहीं परिवहन संबंधी सुविधाएं घर के पास ही उपलब्ध हो जाएगी। परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना से एक ओर जहां परिवहन सुविधाओं के लिए लोगों की पहुंच आसान हो जाएगी, वहीं लोगों को इसके संचालन के जरिए रोजगार भी उपलब्ध होगा। राज्य में परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना से करीब 5 हजार युवाओं के रोजगार सृजन की सम्भावना है।

इसके तहत परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन और सचिव परिवहन एस. प्रकाश के निर्देशन में राज्यभर में परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना तेजी से जारी है। इस संबंध में आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा ने बताया कि राज्यभर में अब तक 451 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। इनमें जिला परिवहन कार्यालय रायपुर के अंतर्गत 54, कांकेर अंतर्गत 11, राजनांदगांव अंतर्गत 26 तथा रायगढ़ अंतर्गत 34 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना शामिल हैं। इसी तरह महासमुन्द जिला परिवहन कार्यालय के अंतर्गत 17, धमतरी अंतर्गत 28, जांजगीर-चांपा अंतर्गत 27, जगदलपुर अंतर्गत 8, बैकुण्ठपुर अंतर्गत 7, अंबिकापुर अंतर्गत 14 तथा सूरजपुर अंतर्गत 10 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। इसके अलावा कोण्डागांव अंतर्गत 9, कबीरधाम अंतर्गत 18, गरियाबंद अंतर्गत 17, सुकमा अंतर्गत 10, बलरामपुर अंतर्गत 10, जशपुर अंतर्गत 9, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही अंतर्गत 8, कोरबा अंतर्गत 14, मुंगेली अंतर्गत 12, बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत 17, बालोद के अंतर्गत 11 और दंतेवाड़ा अंतर्गत 7, दुर्ग अंतर्गत 40, बेमेतरा अंतर्गत 6 तथा बिलासपुर अंतर्गत 27 केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है।

#### सुविधा केन्द्रों के द्वारा आवेदकों से ली जा सकेगी निर्धारित फीस

परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के तहत लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए परिवहन सुविधा केन्द्र को अधिकृत किया जा सकता है। मार्गदर्शिका में परिवहन सुविधा केन्द्रों में विभिन्न सेवाओं के लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है। मार्गदर्शिका के अनुसार ऑनलाइन आवेदन के लिए सेवा शुल्क के रूप में 100 रुपये, परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस/टैक्स भुगतान करने के लिए (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस के लिए शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज की स्कैनिंग, कम्प्रेसिंग व अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये तथा ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेजों का प्रिंटआउट शुल्क (प्रति पेज) 5 रुपये निर्धारित है।

#### अनाधिकृत एजेंटों के चक्कर से मिलेगी मुक्ति

राज्य में परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना का सबसे बड़ा लाभ आम जनता को होगा। अब तक सही जानकारी के अभाव में बड़ी संख्या में लोग अनाधिकृत एजेंटों से संपर्क कर परिवहन संबंधी सेवा के लिए आवेदन करते रहे हैं। जिससे उन्हें समय अधिक लगने के साथ ही आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता रहा है। परिवहन संबंधी सुविधाओं के लिए अनाधिकृत एजेंटों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी।

# किसानों को दी गई उद्यानिकी फसलों के उत्पादन की जानकारी

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर एवं राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की योजनाओं पर आधारित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित किसानों को एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं उद्यानिकी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड मिलकर किस प्रकार से उद्यानिकी के क्षेत्र में किसानोन्मुखी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. एसएस टुटेजा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर अतिथि के रूप में कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. गौतम रॉय, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, रायपुर के उपनिदेशक, एस.के. शर्मा, उपसंचालक, उद्यानिकी रायपुर, कैलाश पैकरा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के पूर्व कुलपति, डॉ. नरेन्द्र दीक्षित उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.एस. टुटेजा ने विश्वविद्यालय द्वारा उद्यानिकी के क्षेत्र में वैज्ञानिक तरीके से किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम के अन्य अतिथियों ने भी एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं उद्यानिकी योजनाओं के संबंध में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित तकनीकी सत्र में किसानों को उन्नत पौध सामग्री उत्पादन तकनीक के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी साथ ही साथ इन पौध सामग्रियों का विपणन किस प्रकार से किया जाना चाहिए इस पर चर्चा की गई। किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से उद्यानिकी फसलों का उत्पादन एवं विपणन वृहद पैमाने पर कैसे किया जा सकता है इस विषय पर किसानों एवं वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किये। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर एवं सब्जी विज्ञान विभाग द्वारा खुला परागण एवं संकर बीज उत्पादन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# रामकथा में होते हैं जीवन के विविध रूपों के दर्शन, हाईटेक स्वरूपों में देखने को मिलेगी रामगाथा

### अनेकता में एकता की झांकी प्रस्तुत करेंगे देश-विदेश के कलाकार

### रायगढ़ में 1 से 3 जून तक होगा राष्ट्रीय रामायण महोत्सव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायगढ़ में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में छत्तीसगढ़ के लोगों को थ्रीडी एनिमेशन सहित हाईटेक तकनीकों से सुसज्जित रामायण की गाथा देखने को मिलेगी। संस्कृति विभाग द्वारा इस आयोजन को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर आदिवासी नृत्य महोत्सव की तरह ही राष्ट्रीय स्तर पर रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री बघेल ने उनके राज्यों से मानस मण्डली दल भेजने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन 01 से 03 जून तक रायगढ़ के राम लीला मैदान में होगा। महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के रामायण मण्डली सहित विदेशी मानस मण्डली कलाकार भी शिरकत करेंगे।




छत्तीसगढ़ में तुलसीदास जी का रामचरित मानस जन-जन में व्याप्त है। वहीं देश के सुदूर दक्षिण में कम्बन के तमिल रामायण और पूर्वी हिस्से में कृतिवास के बंगला रामायण में तथा वाल्मीकि और भवभूति ने अपने ग्रंथों में भगवान राम के विभिन्न रूपों को अपने ग्रंथों में दर्शाया है। इसके साथ ही दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में भी इसके कई रूपों में रामकथा प्रचलित है। रामायण महोत्सव में श्रीराम के चरित्र के इन सुंदर रूपों की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा रामायण की कथा अनेक भाषाओं में लिखी गई है और अनेक देशों में इनका मंचन होता है। इनकी सुंदर प्रस्तुति का मंच रायगढ़ के राम-लीला मैदान बनेगा।

हमारे देश में रामलीला की अनवरत परंपरा रही है। रामायण हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जीवन की विविधता का सार रामकथा में समाहित है। देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों में वातावरण और संस्कृति के अनुरूप अलग-अलग स्वरूपों में रामायण का मंचन किया जाता है। वास्तव में रामायण कथा अनेकता में एकता का सार है। रामायण हमें और हमारी संस्कृति को जोड़ने का काम करती है। विभिन्न राज्यों और विदेशों के इन्हीं विविधताओं को हाईटेक स्वरूप में देखने को मिलेगा और जब रामकथा को महोत्सव के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, तो बड़ी संख्या में लोग राम कथा के माध्यम से उनके आदर्शों की शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भगवान राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य में मई माह से राज्य स्तरीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चार चरणों में आयोजित होने वाले इस आयोजन का प्रथम चरण जनपद स्तर पर पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण में जिला स्तर पर 20 मई तक और तृतीय चरण राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 27 से 29 मई तक मानस मंडलियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। चतुर्थ चरण में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन होगा।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेन्डर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# अयान मुखर्जी बनाएंगे ये जवानी है दीवानी का सीक्वल?

## रणबीर कपूर ने किया खुलासा



रणबीर कपूर पिछले कुछ समय से अपनी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर सुर्खियों में बने हुए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। हाल ही में अभिनेता ने अपनी 10 साल पहले आई फिल्म ये जवानी है दीवानी के सीक्वल की ओर इशारा किया है, जिसके बाद से प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं। अपने प्रशंसकों के साथ वर्चुअल चैट में अभिनेता ने खुलासा किया कि सीक्वल के लिए अयान मुखर्जी के पास अच्छी कहानी है।

प्रशंसकों से बातचीत के दौरान रणबीर ने कहा कि वह ब्रह्मास्त्र के अलावा ये जावानी है दीवानी का सीक्वल बनाना चाहते हैं। अभिनेता का मानना है कि यह फिल्म एक अच्छा सीक्वल होगी। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि अयान के पास सीक्वल के लिए एक बहुत अच्छी कहानी थी, लेकिन फिर वह ब्रह्मास्त्र में व्यस्त हो गए पर कभी न नहीं कहना चहिए। मुझे लगता है कि कुछ वर्षों के बाद वह शायद इसे बना सकते हैं।

### रणबीर ने कहानी को लेकर की बात

इसके आगे रणवीर ने कहा, मुझे लगता है कि इसकी कहानी 10 साल आगे की होगी, जहां बन्नी, नैना, अवि और अदिति अपने जीवन में कहां हैं ये देखने को मिलेगा। मुझे लगता है कि उन किरदारों के बारे में जानना काफी दिलचस्प होगा। इस फिल्म में रणबीर ने बन्नी की भूमिका निभाई थी तो दीपिका पादुकोण नैना, आदित्य रॉय कपूर अवि और कल्कि कोचलिन अदिति के किरदार में नजर आई थीं। इसकी कहानी चारों दोस्तों के इर्द-गिर्द थी।

### पहले भी सीक्वल बनने की बात कर चुके हैं अभिनेता

2018 में भी रणबीर ने ये जवानी है दीवानी के सीक्वल को लेकर बात की थी। अभिनेता ने कहा था, अयान इन दिनों ब्रह्मास्त्र पर काम कर रहे हैं, जिसे बनाने में बहुत समय लगेगा, लेकिन हमने ये जवानी है दीवानी 2 के बारे में अक्सर बात की है। उन्होंने कहा, अयान के पास इसके लिए एक विचार भी है। अयान कहते हैं कि यह सीक्वल ब्रह्मास्त्र से आसान होगा। 2013 में आई इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन शानदार था। 19.45 करोड़ की ओपनिंग के साथ फिल्म 188.57 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने में कामयाब रही थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### इन फिल्मों में नजर आएंगे रणबीर

रणबीर अब जल्द ही संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल के साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म की शूटिंग यूके और हिमाचल प्रदेश में हुई है, वहीं सैफ अली खान के पटौदी पैलेस में भी एक सीक्वेंस शूट किया गया है। एनिमल 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके अलावा वह ब्रह्मास्त्र के सीच्ल का भी हिस्सा हैं, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।

# यही वो 6 वजहें हैं जिसके चलते नहीं घट रहा है आपका वजन



वजन कम करना एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण काम है. सख्त आहार और घंटों जिम में पसीना बहाने के बावजूद कुछ लोगों को मन मुताबिक परिणाम नहीं मिलता है. ये काफी निराशाजनक हो सकता है. कई लोग डीमोटीवेट हो कर सबकुछ छोड़ बैठते हैं. ऐसा करने से पहले आइए कुछ कारणों का पता लगाएं कि आपका वजन कम क्यों नहीं हो रहा है और इन बाधाओं को दूर करने के लिए आप क्या कर सकते हैं.

### ज्यादा कैलोरी का सेवन

वजन कम करने के लिए लोगों को संघर्ष करने के सबसे आम कारणों में से एक यह है कि वे बहुत अधिक कैलोरी का सेवन कर रहे हैं. जो लोग स्वस्थ भोजन कर रहे हैं वो तब भी अपना वजन बढ़ा सकते हैं. अगर आप अपने शरीर की जरूरत से ज्यादा कैलोरी खा रहे हैं. वजन कम करने के लिए, आपको कैलोरी की कमी बनाने की जरूरत है, जिसका मतलब है कि आपको उपभोग करने से ज्यादा कैलोरी जलाने की जरूरत है.

### प्रोटीन कम लेना

प्रोटीन एक आवश्यक पोषक तत्व है जो आपके शरीर में टिशू के निर्माण और मरम्मत के लिए महत्वपूर्ण है. ये मसल मास को बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है, जो वजन घटाने के लिए जरूरी है. जब आप वजन कम करते हैं, तो आप न केवल वसा बल्कि मांसपेशियों को भी खो देते हैं. पर्याप्त प्रोटीन खाने से, आप वजन कम करने के दौरान अपनी मांसपेशियों को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं. प्रति दिन शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम कम से कम 0.8 ग्राम प्रोटीन का लक्ष्य रखें.

### सही नींद ना लेना

वजन घटाने के लिए नींद बेहद जरूरी है. नींद की कमी आपके हार्मोन को बाधित कर सकती है, जिसमें इंसुलिन, कोर्टिसोल और घ्रेलिन शामिल हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है. जब आप नींद नहीं ले पाते हैं, तो आपके भोजन के खराब विकल्प और अधिक खाने की संभावना भी अधिक हो सकती है. अपने वजन घटाने के मिशन को पूरा करने लिए प्रति रात 7-8 घंटे सोने का लक्ष्य रखें.

### पानी कम पीना

वजन घटाने के लिए पर्याप्त पानी पीना महत्वपूर्ण है. पानी आपके मेटबॉलिज्म को बढ़ावा देने, भूख को कम करने और आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद कर सकता है. प्रति दिन कम से कम 8 गिलास पानी का लक्ष्य रखें और सोडा और जूस जैसे शक्करयुक्त पेय से बचें, जिनमें कैलोरी अधिक हो सकती है.

### कंसिस्टेंसी नहीं होना

वजन घटाने की बात आने पर कंसिस्टेंसी महत्वपूर्ण है. सह परिणाम देखने के लिए आपको अपने आहार, व्यायाम और जीवनशैली की आदतों के अनुरूप होना चाहिए. यदि आप केवल कुछ समय के लिए अपने वजन घटाने की योजना पर टिके रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको मनचाहा परिणाम न मिले. एक योजना बनाएं और उस पर टिके रहें, यहां तक कि छुट्टियों के दौरान भी.

### तनाव होना

वजन घटाने पर तनाव का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. जब आप तनावग्रस्त होते हैं, तो आपका शरीर कोर्टिसोल छोड़ता है, जिससे भूख बढ़ सकती है और वजन बढ़ सकता है.

# प्रभास और सिद्धार्थ आनंद की पैन इंडिया फिल्म पर लगी रोक



पठान की सफलता के बाद से ही निर्देशक सिद्धार्थ आनंद सुर्खियों में बने रहते हैं। पिछले काफी समय से निर्देशक के साउथ अभिनेता प्रभास के साथ पैन इंडिया एक्शन फिल्म लेकर आने की खबरें सामने आ रही थीं। 2019 में वॉर की रिलीज बाद से ही मैत्री प्रोडक्शन के साथ मिलकर उनकी फिल्म बनाने की योजना थी। इसके लिए सिद्धार्थ को 65 करोड़ देकर साइन भी कर लिया गया, लेकिन अब आधिकारिक तौर पर फिल्म पर रोक लग गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि सिद्धार्थ ने फिल्म के लिए एडवांस के तौर पर मिली फीस को वापस लौटा दिया है। इसके साथ ही मैत्री मूवी मेकर्स और सिद्धार्थ ने किसी और प्रोजेक्ट पर साथ काम करने का फैसला किया है। सूत्र ने कहा, सिद्धार्थ आनंद और प्रभास की तारीख मेल नहीं खा रही थी, जिसके बाद अंत में फिल्म को बंद करने का फैसला लिया और सभी अलग हो गए।

### कई भाषाओं में आने वाली थी फिल्म

सिद्धार्थ और प्रभास की यह पैन इंडिया फिल्म मूल रूप से हिंदी और तेलुगू में बनने की संभावना थी। इसके बाद फिल्म को तमिल, कन्नड़ और मलयालम में डब किया जाना था। हालांकि, अब फिल्म पर रोक लग गई है। मैत्री मूवी मेकर्स प्रोडक्शन कंपनी के मालिक और निर्माता नवीन येरनेनी ने एक चैट शो के दौरान इस फिल्म की ओर इशारा किया था, जिसके बाद से ही प्रशंसक फिल्म के इंतजार में थे।

सूत्र ने कहा, सिद्धार्थ और प्रभास इस समय भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे व्यस्त सितारों में से हैं। उन्होंने अगले कुछ वर्षों के लिए अपनी तारीखें पहले से ही दे रखी हैं। ऐसे में दोनों इस फिल्म के लिए एक साथ समय देने में सक्षम नहीं थे। ऐसे में यह भी कहा जा रहा है कि जब प्रभास और सिद्धार्थ के पास समय होगा तब एक बार फिर से फिल्म पर बातचीत शुरू हो सकती है।

प्रभास की फिल्म आदिपुरुष 16 जून को रिलीज के लिए तैयार है, जिसमें वह कृति सैनन, सैफ अली खान, सनी सिंह के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया है, जिसका ट्रेलर 9 मई को रिलीज होने वाला है। इसके बाद वह प्रोजेक्ट के में दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन के साथ दिखेंगे। इस सबके अलावा वह एक फिल्म के लिए दिल राजू के साथ भी बातचीत कर रहे हैं।

# अजूनी फेम आयुषी खुराना ने गर्मियों के लिए किए हाइड्रेशन टिप्स शेयर



टीवी शो अजूनी में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस आयुषी खुराना चिलचिलाती गर्मी में अपने साथी कलाकारों के साथ शो की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने गर्मी के समय में हाइड्रेटेड रहने के टिप्स साझा किए। अपनी गर्मियों के रुटीन के बारे में बात करते हुए, आयुषी ने शेयर किया, गर्मियों में शूटिंग के दौरान रोशनी और कैमरे के बीच हमें खुद को लगातार हाइड्रेटेड रखना पड़ता है। इसलिए, मैं लगातार पानी पीती हूं। इसके अलावा, मैं अन्य तरल पदार्थ जैसे छाछ, लस्सी, फलों का रस और नारियल पानी का भी सेवन करती हूं। शो में आयुषी के साथ एक्टर शोएब भी लीड रोल में हैं।


एक्ट्रेस को कॉफी बहुत पसंद है, लेकिन गर्मियों के दौरान शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करने वाले ठंडे पेय के लिए इसका सेवन कम कर दिया है। उन्होंने कहा, हालांकि मुझे कॉफी पीना बहुत पसंद है, लेकिन मैं ज्यादातर गर्मियों में इससे बचने की कोशिश करती हूं, क्योंकि इस मौसम में ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करना ज्यादा फायदेमंद होता है।

आयुषी ने अपने फैंस को घर से दूर रहने के दौरान खूब सारे तरल पदार्थ पीने, तला हुआ, मसालेदार और बाहर का खाना खाने से बचने और अपना ख्याल रखने की सलाह भी दी। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि गर्मी लोगों के स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा असर डालती है। अजूनी प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार रात 8.30 बजे स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

# आमिर खान ने किया दक्षिण का रुख, अल्लू अरविंद के साथ बना सकते हैं गजनी 2

आमिर खान लाल सिंह चड्ढा के बाद फिल्म चैंपियन्स के रीमेक में काम करने वाले थे। हालांकि, लाल सिंह चड्ढा के खराब प्रदर्शन के बाद पिछले साल उन्होंने अभिनय से एक साल का ब्रेक लेने की बात कही थी। चैंपियन्स से भी उन्होंने खुद को बतौर अभिनेता अलग कर लिया है और अब सोनी पिक्चर्स के साथ मिलकर सिर्फ इसका निर्माण करेंगे। नई जानकारी के अनुसार, अब आमिर अपना नया प्रोजेक्ट दक्षिण में तलाश रहे हैं।





रिपोर्ट के अनुसार, आमिर पिछले तीन महीने में दो बार हैदराबाद जा चुके हैं। आमिर की इन यात्राओं से चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आमिर साउथ इंडस्ट्री में अपना नया प्रोजेक्ट तलाश रहे हैं। इस बारे में आमिर या उनकी टीम की तरफ से कोई इशारा नहीं दिया गया है, लेकिन सूत्रों की मानें तो आमिर तेलुगु निर्माता अल्लू अरविंद के साथ साझेदारी पर बात कर रहे हैं। दोनों एक-दूसरे के साथ काम करने को इच्छुक हैं।

पिछले कुछ महीनों में आमिर और अल्लू अरविंद की कई मुलाकातें हो चुकी हैं। दोनों कई प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं। इन प्रोजेक्ट के बारे में फिलहाल कुछ साफ नहीं है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इनमें से एक गजनी 2 है। अल्लू अरविंद के पास गजनी 2 का आइडिया है और वह आमिर के साथ संजय सिंघानिया की कहानी को आगे लेकर जाना चाहते हैं। हालांकि, प्रशंसकों को अभी आधिकारिक बयानों का इंतजार करना होगा।


### 2008 में आई थी गजनी

2020 में रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा गजनी 2 बनाने की बात भी सामने आई थी। 2008 की फिल्म गजनी में आमिर खान ने बिजनसमैन संजय सिंघानिया की भूमिका निभाई थी। उनके साथ फिल्म में अभिनेत्री असिन नजर आई थीं। इस फिल्म में जिया खान ने भी अपने ग्लैमर का जादू डाला था। फिल्म में आमिर का किरदार अपनी प्रेमिका की हत्या का बदला लेना चाहता है, लेकिन उसे भूलने की बीमारी है। इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था।

## शाहिद कपूर संग बनी पूजा हेगड़े की जोड़ी

# एक्शन थ्रिलर फिल्म कोई शक में साथ आएंगे नजर





शाहिद कपूर हाल में अपने ओटीटी डेब्यू फर्जी को लेकर सुर्खियों में थे तो पूजा हेगड़े किसी का भाई किसी की जान में नजर आई थीं। बीते दिनों खबर आई कि शाहिद एक थ्रिलर फिल्म के लिए रोशन एंड्रयूज के साथ बातचीत कर रहे हैं तो अब इससे जुड़ी बड़ी अपडेट सामने आई है। दरअसल, इस फिल्म कोई शक में शाहिद के साथ पूजा की जोड़ी बनने जा रही है। यह पहली बार होगा, जब दोनों एक साथ नजर आएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र से जानकारी मिली है कि रोशन और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने पूजा को मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना है। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियो के साथ मिलकर सिद्धार्थ कर रहे हैं। सूत्र ने कहा, रोशन और सिद्धार्थ एक नई कास्टिंग के साथ आगे बढ़ना चाहते थे और ऐसे में उन्होंने शाहिद के साथ पूजा को चुना है। यह एक एक्शन थ्रिलर है और टीम इसे फ्लोर पर ले जाने के लिए उत्साहित है।

### फिल्म में लगेगा अभी समय

सूत्र ने आगे फिल्म के नाम के बारे में कहा, लंबे समय से फिल्म के नाम पर विचार किया जा रहा था और अब टीम ने आखिरकार फिल्म का नाम कोई शक रखा है, जो एक्शन के साथ मर्डर मिस्ट्री के लिए एकदम सही बैठता है। सूत्र ने कहा, फिल्म 8 मई को फ्लोर पर जाने वाली थी, लेकिन शूटिंग शेड्यूल अभी तक तैयार नहीं किया गया है। ऐसे में अब फिल्म में देरी की संभावना है।

### शाहिद ने अभी नहीं दी फिल्म के लिए तारीख

सूत्र ने बताया कि शाहिद दिल राजू के लिए अनीस बज्मी के साथ कॉमेडी फिल्म कर रहे हैं और उसके शेड्यूल के बाद ही इस फिल्म की शूटिंग के बारे में स्थिति स्पष्ट होगी। सूत्र ने कहा, शाहिद को अभी अपनी तारीखों के बारे में फैसला करना है, लेकिन इस बात की भी संभावना है कि शाहिद इस थ्रिलर फिल्म से पहले अनीस बज्मी की फिल्म शुरू कर सकते हैं। अगले 15 दिनों में उनका शेड्यूल पता चल जाएगा।

### शाहिद और पूजा की आगामी फिल्में

शाहिद कृति सैनन के साथ दिनेश विजान की अनटाइटल्ड रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का हिस्सा हैं, जिसका पोस्टर भी सामने आ चुका है। इसके अलावा वह अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित ब्लडी डैडी में नजर आएंगे। पूजा की बात करें तो वह जन गण मन में विजय देवरकोंडा और जाह्नवी कपूर के साथ नजर आने वाली हैं। इसके अलावा पूजा महेश बाबू के साथ एसएसएमबी 28 में भी दिखाई देंगी, जो अगले साल जनवरी में रिलीज के लिए तैयार है।

# जॉन अब्राहम ने निखिल आडवाणी संग मिलाया हाथ एक्शन फिल्म में शरवरी वाघ संग देंगे दिखाई

यशराज फिल्म्स की अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान में खलनायक की भूमिका निभाकर लोगों का दिल जीतने वाले जॉन अब्राहम आए दिन सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल ही में उनकी पठान की सफलता के बाद कॉमेडी फिल्मों से दूरी बनाने की खबरें सामने आई थीं तो अब वह निखिल आडवाणी के साथ एक एक्शन फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में जॉन के साथ शरवरी वाघ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।





रिपोर्ट के अनुसार, जॉन ने 2019 में आई एक्शन थ्रिलर बाटला हाउस के बाद आडवाणी के साथ फिर से हाथ मिलाया है। अभिनेता सच्ची घटनाओं से प्रेरित आडवाणी की एक्शन ड्रामा में नजर आएंगे। इस अनटाइटल्ड फिल्म में जॉन और शरवरी के अलावा अभिषेक बनर्जी मुख्य भूमिका में होंगे। आडवाणी के बैनर एम्मे एंटरटेनमेंट ने जी स्टूडियोज के साथ फिल्म का निर्माण किया है। अभी इसका प्री-प्रोडक्शन का काम हो रहा है और शूटिंग जुलाई में शुरू होगी।

### पहले अधूरी रह गई थी जॉन और आडवाणी की योजना

जॉन और आडवाणी ने इससे पहले 2018 में 1911 के फुटबॉल मैच पर आधारित एक स्पोर्ट्स ड्रामा बनाने की घोषणा की थी, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक निर्णायक भूमिका निभाई थी। यह फिल्म भारत के प्रमुख फुटबॉल क्लब मोहन बागान के बारे में थी, जिसने 1911 के इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन शील्ड अभियान में एक ब्रिटिश रेजिमेंटल टीम ईस्ट यॉर्कशायर रेजिमेंट को हराकर इतिहास रचा था। हालांकि, फिल्म कोरोना वायरस और वित्तीय बाधाओं के चलते बंद हो गई।

### इन कॉमेडी फिल्मों को छोड़ चुके हैं जॉन

रिपोर्ट्स के अनुसार, पठान की सफलता के बाद जॉन अब कॉमेडी फिल्मों को छोड़ एक्शन फिल्मों पर ध्यान देना चाहते हैं। ऐसे में उन्होंने साजिद खान की कॉमेडी फिल्म 100 प्रतिशत से किनारा कर लिया है, जिसमें रितेश देशमुख, नोरा फतेही और शहनाज गिल मुख्य भूमिका में शामिल हैं। इसके अलावा उनके आवारा पागल दीवाना 2 छोड़ने की भी खबरें हैं, जो अक्षय कुमार और शाहिद कपूर की 2002 में आई आवारा पागल दीवाना का सीक्वल है।

### जॉन की आगामी फिल्में

जॉन शिवम नायर की द डिप्लोमैट खत्म करने के बाद आडवाणी की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। द डिप्लोमैट एक भारतीय राजनयिक के पाकिस्तान से एक भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इस रोमांचक थ्रिलर में जॉन इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा जॉन दिनेश विजान की तेहरान में मानुषी छिल्लर के साथ दिखाई देंगे, जो इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर



### कृतिका प्रधान का पीएससी में राज्य वित्त सेवा के पद पर हुआ चयन

**बीजापुर।** बीजापुर की बेटी कृतिका प्रधान ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2021 द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। जिला प्रशासन ने कृतिका प्रधान को सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ बीजापुर कैरियर एकेडमी कोचिंग संस्थान में समान किया। इस दौरान उन्होने अपनी तैयारी के बारे में बताया अपनी प्रारंभिक शिक्षा शिशुमंदिर बीजापुर से पुरा कर जवाहर नवोदय विद्यालय से स्कूल की पढ़ाई पूरी की, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज के स्नातक कर 2019 से सीजीपीएससी की तैयारी में लगी। 2020 के प्रथम प्रयास में ऋस्ह पद प्राप्त किया व 2021 क्स्ष्ट में 226 रैंक लाकर अकांउटर ऑफिसर बनी। उन्होने बताया की उनके समय में जिले में उतनी सुविधाएं नहीं थी। कलेक्टर एवं जिला प्रशासन बीजापुर के कार्यो की सराहना करते हुए बीजापुर कैरियर एकेडमी सेन्ट्रल लाइब्रेरी जैसे कार्यो को धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्था के बच्चों को सफलता का मंत्र बताने के साथ अग्रीम शुभकामनाएं दी। हाल में आए स्ढ्ढ प्री परीक्षा में संस्थान के 7 छात्रों ने पास की यह बीजापुर कैरियर एकेडमी व जिला प्रशासन के लिए गर्व की बात है।

### महिला क्रिकेट का ट्रायल संपन्न सभी वर्ग में चयनित हुए खिलाड़ी

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देश पर सीएससीएस के द्वारा सभी जिलों में महिला क्रिकेट का ट्रायल लिया गया। जिसमे जिला रायगढ़ के महिला खिलाडियों ने भी ट्रायल दिया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि इस वर्ष सीएससीएस के द्वारा अंडर 15, 16, 19, 23 एवं सीनियर महिला क्रिकेट का ट्रायल लेकर जिलेवार टीम बनाई जा रही है। चयनित टीम को 20 मई को भिलाई के लिए रवाना होना है। जहां राज्य स्तरीय टीम बनाने के लिए ट्रायल लिया जाएगा। ट्रायल के दौरान चयनकर्ता पंकज बोहिदार एवं अभिषेक गुप्ता के द्वारा खिलाडियों का बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी प्रदर्शन देखा गया। इस आधार पर निम्न खिलाड़ी सभी उम्र वर्ग में चयनित किए गए। जिसमें पक्षलिका टोप्पो, साईतृशा प्रधान, लीना चौहान, प्रमशिला कुजूर, मुस्कान टोप्पो, आस्था सिंह, वीरता चौहान, रूखसाना खातून, देवनी भगत, सुनहला यादव, रेशमा तिर्की, दीपिका सिदार, ममता भगत, दिव्या लकड़ा, अनुराधा भगत, महेश्वरी, अंजु श्रीवास, आरती मुंडा, मंशा साव, प्रियंका भगत, ओमिसा मैत्री, भूमि मैत्री, प्रकृति शर्मा, आकृति शर्मा चयनित हुए हैं। ट्रायल के दौरान संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, सचिव रामचन्द्र शर्मा, ने चयनित खिलाडियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। साथ ही इस दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार, अभिषेक गुप्ता, ओमप्रकाश मिरे, प्रसिद्ध अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, चंद्रेश यादव, वरिष्ठ खिलाड़ी आसीक हुसैन, अक्षय गुप्ता, राजू टोप्पो आदि काफी संख्या में पैरेन्टस मौजूद रहे। चयनित खिलाडियों को जिला क्रिकेट संघ में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

### ग्रामीणों की सेहत में हो रहा सुधार, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक में मिल रहा उपचार

**कोरबा।** घर से अस्पताल तक की दूरियों की वजह से अपनी मामूली बीमारियों का उपचार नहीं करा पाने वाले ग्रामीणों के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार जैसी क्लीनिक एक बड़ी राहत बन गई है। गांव की महिलाएं हो या पुरूष अथवा बच्चे, बुजुर्ग, सभी को अपने गांव के आसपास लगने वाले बाजारों में एक ऐसा चलता-फिरता अस्पताल मिल गया है, जहां मुफ्त में बीमारियों की जांच के साथ दवाएं भी मिल रही है। हाट बाजार क्लीनिक के रूप में लग रहे कैंपों के जरिये छोटी-छोटी बीमारियां भी ठीक हो रही है। खास बात यह है कि जिन छोटी बीमारियों को ग्रामीण हल्के में ले लेते हैं और समय की कमी की वजह से उपचार कराना जरूरी नहीं समझते। ऐसी छोटी बीमारियां बहुत दिनों बाद उनके लिए आफत बन जाती है, ऐसे में हाट बाजार क्लीनिक जैसी सुविधा ग्रामीणों की सेहत को सुधारने के साथ उन्हें राहत प्रदान कर रही है। कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में लगभग 99 चिन्हांकित स्थानों पर हाट बाजार क्लीनिक लगाई जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस योजना का लाभ जरूरतमंद ग्रामीणों को निरंतर प्रदान की जाए। हाट-बाजारों में सार्वजनिक उपक्रमों के चिकित्सकीय दल भी निरंतर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिले में बीते एक साल में 31 सौ कैंप लगे, जिसमें दो लाख से अधिक का उपचार किया गया है।

### प्रचंड बहुमत से फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी

# संगठन की मजबूती, सरकार के कार्यों के बल पर फिर सरकार बनायेंगे - मरकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। भरोसे का सम्मेलन और संभागीय सम्मेलनों के बाद विधानसभा स्तर पर होने वाले सम्मेलनों से पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी नीतियों और योजनाओं का प्रशिक्षण देकर जनता के बीच भेजेगी। हमारी तैयारी बूथों तक पूरी हो चुकी है। हमारे संगठन की मजबूती और सरकार के जनकल्याण कार्यो का मुकाबला करने में विपक्ष पूरी तरह नाकामयाब है।



आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनायें कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी। भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिये कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही जिसके कारण वह जनता से और दूर होते जा रही है।

2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ते गया, 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस के पास बताने के लिये अपने सरकार के गौरवशाली जनहित के काम है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी कृषि मजदूर न्याय योजना छत्तीसगढ़ की तस्वीर को बदला है। हमारी सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र के 90 प्रतिशत वायदों को पूरा किया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दविहीन है। इसके विपरीत कांग्रेस के पास अपनी सरकार के 4 सालों के काम की लंबी फेहरिस्त है। जनता, कांग्रेस सरकार बनाम भाजपा के 15 साल की तुलना कर रही है।

भाजपा ने 2003 में आदिवासियों को 10 लीटर दूध वाली गाय देने का वायदा किया था, हर आदिवासी परिवार से एक को सरकारी नौकरी का वायदा किया था, पूरा नहीं किया। कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों से किये वादों को पूरा किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने साढ़े चार साल में आदिवासी वर्ग के शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के एवं कानूनी अधिकार के लिये अनेको कार्य किया। बस्तर क्षेत्र में आदिवासी के वर्ग शिक्षा के लिए 300 से अधिक बंद स्कूलों को खोला गया। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए विश्वास, विकास और सुरक्षा के नीतियों के तहत काम किया गया। रमन सरकार के दौरान दस गांवों के 1707 आदिवासी परिवार से छीनी गई 4200 एकड़ जमीन को लौटाई गई, जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों को जेल से मुक्त कराया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि तेंदूपत्ता का मानक दर 2500 रु से बढ़ाकर 4000 रु प्रति बोरा किया गया, 65 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी की गई, चरणपादुका खरीदने नगद राशि दी गई, बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया। 24827 व्यक्तिगत 20,000 से अधिक सामुदायिक व 2200 वन संसाधन पट्टे वितरित किए गए, 16 लाख से अधिक हेक्टर भूमि आदिवासी वर्ग को वितरित किया गया है। 4,38,000 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 44,300 से अधिक सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 2175 से अधिक वन संसाधन अधिकार ग्राम सभा को प्रदान की गई। मिलेट मिशन शुरू किया गया और बस्तर के वनोपज को देश-विदेश तक पहुँचाया गया।

## समर कैंपः बच्चों की चहलकदमी से होती है रायगढ़ स्टेडियम की सुबह



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** बोईरदादर स्टेडियम रायगढ़ की सुबह सैकड़ों बच्चों की चहल कदमी से शुरू होती है। ये बच्चे यहां अपनी छुट्टियों का भरपूर उपयोग कर खुद को तराशने के लिए सबेरे से पहुंचते है। दरअसल रायगढ़ स्टेडियम में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा 5 मई से समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। जो अगले 4 जून तक चलेगा। इस कैम्प में बच्चों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण एक्सपर्ट कोच द्वारा दिया जा रहा है।

समर कैंप को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह है। करीब साढ़े पांच सौ से अधिक बच्चे हर दिन सुबह यहां खेलों का प्रशिक्षण लेने आते है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह कैम्प बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। स्टेडियम में बच्चों को क्रिकेट, हॉकी, बॉस्केट बॉल, फुटबॉल, हैण्ड बॉल, ताइक्वांडो, योगा, रोप स्कीपिंग, किक बॉक्सिंग, बाक्सिंग एवं बैडमिंटन के गुर सिखाये जा रहे है। इसके अलावा यहां बच्चों को योगाभ्यास व जुम्बा भी कराया जा रहा है। बच्चों को क्रिकेट, हॉकी, बॉस्केट बॉल, फुटबॉल, हैण्ड बॉल, ताइक्वांडो, योगा, रोप स्कीपिंग का सुबह 6 बजे से 8.30 बजे तक और वाटर पोलो एवं बैडमिंटन का सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रीष्म खेल-कुद प्रशिक्षण शिविर में 568 बच्चों का पंजीयन किया गया है। जिसके तहत क्रिकेट में 73, बॉस्केट बाल में 120, हॉकी में 34, फुटबाल में 85, हैण्ड बॉल में 22, ताईकाण्डो में 80, योगासन में 22, रोप स्किपिंग में 14, किक बॉक्सिंग में 41, बॉक्सिंग में 18 एवं बैडमिंटन में 59 बच्चे प्रशिक्षण ले रहे है।

निःशुल्क ग्रीष्म कालीन खेल-कुद प्रशिक्षण शिविर में आने वाले सभी बच्चों को स्वल्पाहार के रूप में पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है, जिसमें बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार प्रतिदिन मेन्यू में बदलाव कर उबला अंडा, दुध, केला, अंकुरित चना-मूंग, गुड़ फल्ली, कटलेट, ब्रेड बटर जैम, पोहा, जलेबी एवं शर्बत दिया जा रहा है। स्वल्पाहार की इस व्यवस्था में उद्योगों से भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## बादल अकादमी में होगा सांस्कृतिक गतिविधियों का विस्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के ने बादल अकादमी में सांस्कृतिक गतिविधयों को तेज करने के साथ ही कलाकारों को अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने की बात कही। कलेक्टर श्री विजय ने गुरुवार को आसना में स्थापित बादल अकादमी का अवलोकन किया। उन्होंने यहां प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण भवन और आवासीय भवन, नृत्य मंडप, ओपन एयर थियेटर सहित विभिन्न समाजों के लिए बनाए गए कुटियों का अवलोकन किया और बस्तर में बसने वाली विभिन्न जनजातियों की समृद्ध संस्कृति और परंपरा, आदिवासियों की रीति-नीति, बोली गीत-संगीत, नृत्य आदि के संरक्षण के लिए स्थापित इस अकादमी द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री विजय ने कहा कि विभिन्न जनजातियों की अपनी विशेष संस्कृति और सभ्यताएं हैं, जिन्हें समाजों के लिए आबंटित कुटियों में उभारना चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही यहां संचालित समर क्लास में दिए जा रहे चित्रकला और लोक संगीत के प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने इसके साथ ही इस अवसर पर यहां के कर्मचारियों से परिचयात्मक भेंट भी किया।

इस अवसर पर बादल अकादमी की प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा सरोज ने इस दौरान बताया कि बस्तर में कोया, हल्बा, भतरा, धुरवा, मुंडा आदि जनजातियां हैं, जिनकी परंपराएं, रीति-नीति के अभिलेखीकरण का कार्य किया जा रहा है। यहां इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के सहयोग से लोक संगीत का एक और दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स, शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत गायन और वादन, सुगम संगीत के लिएगीतांजलि पाठ्यक्रम तथा चित्रकला का पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां हल्बी बोली का शब्दकोष भी तैयार किया जा चुका है तथा गोंडी बोली का शब्दकोष तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां विभिन्न अवसरों पर गाई जाने वाली गीतों का संग्रह भी किया गया है।

इस अवसर पर बादल अकादमी में उपस्थित समाज प्रमुखों और कलेक्टर विजय का बस्तरिया परंपरा के अनुसार आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भतरा समाज के रतन कश्यप, मुंडा समाज के बाबूलाल बघेल, हल्बा समाज के मानसराम राणा, भतरा समाज के डीएस नेताम, मुरिया समाज के श्रभ् सामुराम मौर्य, धुरवा समाज के गंगाराम कश्यप उपस्थित सहित अकादमी के कर्मचारी उपस्थित थे।

# ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने में जैव ईंधन की प्रमुख भूमिकाः पंकज जैन

### जी-20 देश बायोईंधन की क्षमता का पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं आपसी सहयोग

नई दिल्ली (पीआईबी)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन ने स्वच्छ और हरित कल के लिए जैव ईंधन की पूरी क्षमता हासिल करने में जैव ईंधन की भूमिका और जी-20 देशों के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। वह 15 मई 2023 को मुंबई में तीसरी एनर्जी ट्रांजिशन वर्किंग ग्रुप मीटिंग के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।




पंकज जैन ने अपने मुख्य भाषण में जैव ईंधन में अप्रयुक्त क्षमता और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण, व्यापक अनुप्रयोग, तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता और वित्तपोषण के दृष्टिकोण से इसकी बढ़ती अपील पर ध्यान केंद्रित किया। सचिव,पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय मुंबई, महाराष्ट्र में तीसरी एनर्जी ट्रांजिशन वर्किंग ग्रुप की बैठक के मौके पर जैव ईंधन पर संगोष्ठी में मुख्य भाषण देते हुए

सचिव पेट्रोलियम ने आर्थिक समृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ावा देने में जैव ईंधन के महत्व पर जोर दिया, जबकि टिकाऊ और डीकार्बोनाइजेशन का समर्थन किया। प्रौद्योगिकी प्रगति कई जैव ईंधन फीडस्टॉक विकल्प (यानी, गन्ना, मक्का, कृषि अपशिष्ट, बांस, आदि) प्रदान करती है और जी20 देशों में आगे सहयोग वैश्विक जैव ईंधन बाजार के विकास में सहायता कर सकता है और जैव ईंधन की पूर्ण क्षमता का प्रयोग कर सकता है।

इस सर्व-महत्वपूर्ण संगोष्ठी में कई तेल और गैस कंपनियों के अध्यक्षों और अधिकारियों ने भाग लिया। आईईए, टोटल एनर्जी, शेल, लैंज़ाटेक, एसएचवी एनर्जी फ्यूचुरिया जैसे कई अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संगठनों के नेताओं ने प्रासंगिक तकनीकों, उपयोग के मामलों, साझेदारी और व्यवसाय संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

फोरम ने व्यापक रूप से विस्तारित जैव-ईंधन प्रासंगिकता को स्वीकार किया (उदाहरण के लिए, एसएएफ अल्कोहल से जेट, बायोडीजल, और संपीड़ित बायोगैस को इथेनॉल उत्पादन, नवीकरणीय डीएमई, आदि से जोड़ा गया)। संगोष्ठी में तेल और गैस उद्योग, आईइए और बायोफ्यूचर प्लेटफॉर्म जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, जी20 देशों के प्रतिनिधियों, सीआईआई और ऐसोचैम जैसे उद्योग निकायों, प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माताओं, उत्पादकों और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ-साथ उनके एसोशिएशन की पूर्ण भागीदारी और प्रोत्साहन देखा।

# पति का पत्नी से तलाक होता है बेटी का पिता से नहीं, माता पिता के तलाक के बाद भी बेटी का पैतृक संपत्ति पर पूरा अधिकार

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बिलासपुर।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय एवं डॉ. अनिता रावटे ने आज प्रथना सभा कक्ष, जल संसाधन परिसर बिलासपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 175 वीं जन सुनवाई हुई। बिलासपुर की आज की जनसुनवाई में कुल 35 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। आज की सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में अनावेदक बिरकोनी हाई स्कूल जिला मुंगेली तहसील पथरिया में जीव विज्ञान विषय के व्याख्यता के पद पर पदस्थ है। जिनका वेतन 57000 हजार प्रतिमाह है। अनावेदक ने 2006 को आवेदिका की मां को घर से निकाल दिया था। उस समय आवेदिका की उम्र 02 साल थी और उसे सिंकलिन की बीमारी थी और उस समय आवेदिका की मां बेराजगार थी। वह अपने माता-पिता पर आश्रित थी। आवेदिका की पढ़ाई और स्वास्थ्य का सभी खर्च उसकी मां ने वहन किया आज आवेदिका की उम्र लगभग 20 वर्ष है। वर्तमान में बीबीए सेकेण्ड ईयर की स्टूडेन्ट है। उसे पढ़ाई लिखाई व इलाज के लिये आर्थिक कठिनाईयों सामना करना पड़ रहा है। इसलिए वह अपने पिता से सम्पति में अपना हक मांगने के लिए उपस्थित हुई है। अनावेदक ने बाताया कि 2012 में परिवार न्यायालय में अपनी पहली पत्नी से विधिवत तलाक लिया है व उसके बाद दूसरा विवाह कर लिया है व उसके बाद दूसरा विवाह से भी उनकी दो बेटियां है। अनावेदक की 2011 में सरकारी नौकरी लगी है। अनावेदक एमएसी बायोलॉजी है उसके द्वारा वंश चलाने के नाम पर बेटा पैदा नहीं के आरोप पर पहली पत्नी को घर से निकाला था। और अब तक उनके द्वारा अपनी बेटी आवेदिका का नाम शासकीय अभिलेखों में अंकित नहीं कराया गया है। इस संबंध में कुछ पूछने पर उसके द्वारा स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया है।

बाद मे अनावेदक के पिता आवेदिका के दादा ने कहा कि समस्त कृषि भूमि की पर्ची में आवेदिका का नाम दर्ज करायेगें और अपने शासकीय अभिलेख में भी अपनी बेटी आवेदिका का नाम 01 माह के अन्दर दर्ज करायेंगे । अन्य 02 बेटियों का नाम भी दर्ज कराये चूकि तलाक पत्नी से होता है। बेटी से नहीं होता है। बेटी का पिता के जायजाद में बराबर का हक होता है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर...

### पुसावड़ में खड़े ट्रक से हाइवा टकराया, हेल्पर हुआ घायल

**बालोद।** डौंडी क्षेत्र के पुसावड़ मुख्य मार्ग में हाइवा और ट्रक में टक्कर हो गई। दोनों गाड़ी के ड्राइवर बाल-बाल बचे। वहीं हाइवा में सवार हेल्पर के हाथ में चोट लगने पर 108 संजीवनी के माध्यम से सीएचसी डौंडी में भर्ती कराया गया। जहां से हाई सेंटर रेफर किया गया है। डौंडी थाने में हाइवा चालक के खिलाफ धारा 279, 337 और ट्रक चालक के खिलाफ धारा 337, 283 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। भानुप्रतापपुर निवासी वरूण खापर्डे ने बताया कि 13 मई को चालक सोहन लाल साहू ट्रक में रायपुर से कच्चे जा रहा था। इस दौरान रात 9.30 बजे पुसावड़ के पास सड़क किनारे ट्रक को खड़ा कर ड्राइवर टंकी से पानी भरकर आ रहा था, तभी डौंडी तरफसे आ रहे हाइवा चालक ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। जिससे ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया।

वहीं राजहरा निवासी रणजीत सिंह पन्नू ने बताया कि हाइवा चालक लीलाधर साहू को कच्चे माइंस में रात 9 बजे गिट्टी भरने भेजा था। पुसावड के पास रोड पर बिना लाइट, एंटीगेटर व सुरक्षा के खड़े ट्रक से हाइवा टकरा गया।

### स्कॉर्पियो पलटी, 5 घायल, मरीज को डिस्चार्ज कर ले जा रहे थे घर

**बालोद (ए)।** गुरुवार को एनएच 30 में जगतरा के पास स्कॉर्पियो वाहन पलटने से 5 लोग घायल हो गए। सभी को हल्की चोटें आई है। दो को धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाड़ी में सवार लोग धमतरी से खैरीडीह जा रहे थे। तभी हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार स्टेयरिंग पर ड्राइवर काबू नहीं कर पाया। इस वजह से अनियंत्रित होकर झाड़ियों में पलट गई। धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती शीतल नागवंशी को डिस्चार्ज कराकर परिजन घर ले जा रहे थे।

पुरूर थाना प्रभारी अरूण कुमार साहू ने बताया कि घटना के बाद घायलों को तत्काल धमतरी जिला अस्पताल ले गए इसलिए नाम, पता पूछ नहीं पाए है। स्कार्पियो वाहन धानापुरी का है, खैरीडीह के मरीज को छोड़ने जा रहे थे, तभी हादसा हुआ। सभी सुरक्षित है। सामान्य चोटें लगी है।

### आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वाले 2 पकड़ाए

**बालोद (ए)।** गुंडरदेही के पालाबाड़ी क्षेत्र मे दबिश देकर आईपीएल क्रिकेट मैच में मोबाइल एप के माध्यम से नकदी व ऑनलाइन हार-जीत का दांव लगाने वाले आरोपी ईश्वर सोनकर उर्फ कालू को गुंडरदेही पुलिस ने गिरफ्तार किया। 10 हजार 960 रुपए नकद एवं लाखों रुपए का लेनदेन संबंधित पट्टी व मोबाइल, बाइक को जब्त किया गया।

वहीं उनके साथी लालू उर्फ भूपेश सोनकर को भी घेराबंदी कर पकड़ा गया। बैंक खाते से संबंधित जानकारी ली जा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी आईपीएल मैचों में सट्टा लगाने का काम तेजी से चल रहा है।

# पैसों के लिए बेटे ने खेला खूनी खेल, माता-पिता व दादी की हत्या कर सेनेटाइजर से जलाई लाशें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में नशेड़ी बेटे की खौफनाक करतूत सामने आई है। पैसों के लालच में पुत्र ने अपने माता-पिता और दादी की हॉकी के डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के शवों को तीन दिन का सेनेटाइजर से जलाता रहा। यही नहीं उसने थाने में अपने माता पिता व दादी के लापता होने की रिपोर्ट भी दर्ज करा दी। जब पुलिस ने जांच शुरू की तो शक के आधार पर शिकायत कर्ता बेटे को भी हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर जो कहानी सामने आई उसने पुलिस को भी हैरान कर दिया है।




**7 मई की रात को की थी हत्या**

पुलिस पूछताछ में उदित ने बताया कि सात मई की सुबह उसका रुपए को लेकर पिता से झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह गुस्से में अपने कमरे में सो गया। रात करीब दो-तीन बजे के बीच उठा और कमरे में जाकर देखा तो माता-पिता और दादी सो रहे थे। इस पर उसने हॉकी स्टिक से तीनों पर हमला कर दिया और सिर पर ताबड़तोड़ वार कर तीनों की जान ले ली। तीनों के शव को बाड़ी में बने बाथरूम की तरफरख दिया। वहां दो दिन बाद शवों पर सैनिटाइज डालकर थोड़ा-थोड़कर उन्हें जलाता रहा। जलाने के बाद बची राख और हड्डी को वहीं एक गड्ढा खोदकर दबा दिया था।

**लगातार करता रहा गुमराह**

हत्या के बाद आरोपी लगातार पुलिस व रिश्तेदारों को गुमराह करता रहा। आरोपी ने पुलिस को बताया कि हत्या के बाद घर की फिनायल डालकर सफाई की। इसके बाद पिता को जिंदा बताने के लिए उनके फोन-पे से खरीदारी करता रहा। पिता के नंबर से भाई और रिश्तेदारों को उनके ठीक होने और वापस लौट आने का झूठा मैसेज भेजता। पिता का मोबाइल नंबर उपयोग में आने और जांच के दौरान पुत्र के विलासितापूर्ण जीवनशैली पर पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त हॉकी स्टीक, सैनिटाइजर, लाइटर बरामद कर लिया है। उसे दीवान के अंदर छिपाकर रखा गया था।

दरअसल यह पूरा मामला महासमुंद जिले के मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पुटका निवासी प्रभात भोई (53) हायर सेकेंडरी स्कूल पैकिन में प्राचार्य थे। घर में उनकी पत्नी सुलोचना भोई (47), मां झरना भोई (75) और बड़ा बेटा उदित भोई के साथ रहते थे। छोटा बेटा अमित कुमार भोई रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई करता है। उदित भोई ने 12 मई को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उसके पिता 8 मई को मां व दादी को लेकर रायपुर गए और वापस नहीं लौटे।

मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और तीनों की पतासाजी जारी रही। इस बीच रायपुर में उदित का छोटा भाई अमित भोई अपने चाचा के घर पहुंचा। चाचा ने बताया कि उसके माता पिता व दादी गुम हैं। इसके बाद अगले दिन अमित अपने चाचा को लेकर घर पहुंचा। वहां उदित नहीं था लेकिन अमित बाड़ी की ओर गया तो वहां जलाने के निशान, राख और हड्डी के टुकड़े पड़े मिले। अमित ने पूरे घर को चेक किया तो दीवार पर खून के छींटे, बाड़ी गड्ढे में राख का ढेर था। यह सब देखकर अमित ने थाने में सूचना दी।

पुलिस की टीम एक्सपर्टस् के साथ मौके पर पहुंची और बारीकी से जांच की गई। इसके बाद जांच के दौरान यह भी पता चला कि प्रभात भोई का बड़ा बेटा उदित नशे का आदी है। अनुकंपा नियुक्ति और पैसे की बात को लेकर आए दिन वह माता-पिता और दादी से झगड़ा करता रहता था। इस पर पुलिस ने उदित को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने पुलिस को काफी गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन बाद में वह टूट गया।

# उधार के पैसे वापस नहीं करने पर अपने ही दोस्त की हत्या कर फरार हुआ युवक

**6 दिन बाद चढ़ा पुलिस के हत्थे**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में उधार के पैसे नहीं लौटानें पर एक युवक ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। पांच हजार रुपए लेने के बाद दोस्त उसे लौटा नहीं रहा था इससे परेशान होकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया। घटना के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस को वारदात के 6 दिन बाद आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला कांकेर कोतवाली थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के ग्राम बुदेली निवासी कन्हैयालाल महावीर खेत में लाड़ी बना कर रहता था और रखवाली करता था। 12 मई की रात जब उसका बड़ा भाई खेत में पहुंचा तो वहां कन्हैयालाल का शव लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। इस पर उसने पुलिस को सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को अनिल साहू नाम के युवक का पता चला जिसके साथ कन्हैय्यालाल को अक्सर देखा जाता था।

इसके बाद पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो पता चला कि कन्हैया लाल की अनिल से उसकी लंबी बातचीत हुई थी। वहीं घटना के बादसे अनिल साहू फरार भी चल रहा था। इस बीच पुलिस को अनिल साहू के गांव आने का पता चला तो घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया गया। शुरुआती पूछताछ में वह गुमराह करता रहा लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर सारी सच्चाई बता दी।

पुलिस पूछताछ में अनिल साहू ने बताया कि अनिल साहू ने कन्हैयालाल को नवंबर 2022 में पांच हजार रुपये उधार दिए थे। कन्हैयालाल ने रकम को एक माह में वापस करने के लिए कहा था। समय बीतने के बाद जब भी आरोपी अनिल अपने रुपये मांगता तो कन्हैयालाल टालमटोल करता। 12 मई करे शराब के नशे में वह कन्हैयालाल के घर पहुंचा और उधार की रकम को लेकर बहस करने लगा। कन्हैलाल से बार-बार रकम मांगने की बात कहते हुए उसे गाली दी और पत्थर फेंककर मारा। इस पर कन्हैयालाल ने अपना किसी तरह से बचाव किया। इस पर पास पड़ी लोहे की रॉड उठाकर आरोपी अनिल ने उसके सिर पर मार दी। इसके बाद पास रखे डंडे से पीटकर उसे मार दिया।

# तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आए बाइक सवार, एक की मौत और दो घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां एनएच 49 पर तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। खासबात यह रही कि बाइक सवारों को ठोकर मारने के बाद हाइवा चालक भी अनियंत्रित हो गया और सड़क पर उसकी हाइवा पलट गई। हाइवा पलटने के बाद चालक फरार हो गया है। हादसे की सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



मिली जानकारी के अनुसार गांव कर्रा जिला बिलासपुर निवासी पीताम्बर केवट, संदीप श्रीवास और सुनील यादव एक ही बाइक से निकले थे। वे तीनों लकवा की दवा लेने के लिए सक्ति जिले के मालखरौदा जा रहे थे। रास्ते में जांजगीर जिले के जिला जेल खोखरा एनएच 49 रोड के पास पहुंचे थे की पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा वाहन चालक ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी जिससे बाइक में सवार तीनो उछल कर सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में पीताम्बर केवट (25) साल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं संदीप श्रीवास और सुनील यादव गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया गया है। जहां संदीप श्रीवास की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया है। वहीं ठोकर मारने के बाद हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा पलटी। घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया जिसकी खोजबीन पुलिस कर रही है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बेमेतरा (छ.ग.)**

Phone No. : 07824-222118    email : eebem-phe-cg@nic.in

नि.सू.क्रमांक 59/तशा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2023    बेमेतरा, दिनांक : 17.05.2023

*निविदा आमंत्रण सूचना (मैन्युअल पद्धति)*

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में **ई-पंजीयन प्रणाली की 'डी' एवं उच्च श्रेणी** में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम** — **बेमेतरा जिले के विकासखंड बेमेतरा, नवागढ़, साजा एवं बेरला के ग्रामों में इंजेक्शन वेल के द्वारा भू-जल स्तर को "V" वायर तकनीकी के माध्यम से बढ़ाने का कार्य।**

| क. | विकासखण्ड | ग्राम का नाम | समूह कमांक | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बेमेतरा | उमरिया | 01 | 4.32 |
| 2 | बेमेतरा | पिपरभट्ठा | 02 | 4.32 |
| 3 | बेमेतरा | फरी | 03 | 4.32 |
| 4 | नवागढ़ | नारायणपुर | 04 | 4.32 |
| 5 | नवागढ़ | टेमरी | 05 | 4.32 |
| 6 | नवागढ़ | चक्रवाय | 06 | 4.32 |
| 7 | नवागढ़ | घुरसेना | 07 | 4.32 |
| 8 | नवागढ़ | मुरता | 08 | 4.32 |
| 9 | साजा | डोंगीतराई | 09 | 4.32 |
| 10 | साजा | सोनडोंगरी | 10 | 4.32 |
| 11 | बेरला | रामपुर (भांड) | 11 | 4.32 |
| 12 | बेरला | कठिया | 12 | 4.32 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 01.06.2023 संध्या 5.30 बजे तक है तथा अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 06.06.2023 को संध्या 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार किये जा सकेंगे। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज, निविदा का विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://phed.cg.nic.in/eproject/nit/ में दिनांक 01.06.2023 को संध्या 10.00 बजे तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)

जी-01395/2


**3 शिकारी गिरफ्तार, 2 कोटरी का शव बरामद**

# अवैध कटाई पर भी छापेमार कार्रवाई, 10 लाख से ज्यादा की इमारती लकड़ी और फर्नीचर जब्त

**गरियाबंद (ए)।** गरियाबंद जिले के मैनपुर वन परिक्षेत्र में 3 शिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से शिकार किए गए 2 कोटरी (हिरण प्रजाति का वन्यप्राणी) का शव बरामद हुआ है। वहीं चौथा आरोपी फरार हो गया है। इसके अलावा एक अन्य मामले में पुलिस ने अवैध वन कटाई पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लाख से ज्यादा के चिरान और फर्नीचर जब्त किए हैं।

पहला मामला मैनपुर वन परिक्षेत्र का है, जहां बुधवार देर रात कोदोभाठा के जंगल से 2 कोटरी का शिकार कर 4 आरोपी गांव की ओर लेकर जा रहे थे। आरोपियों को वन विभाग की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी अवध राम, लोचन और हेमंत को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया, वहीं चौथा आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया। एसडीओ राजेंद्र सोरी ने कहा कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले से जुड़ा एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

दूसरा मामला उदंती सीतानदी अभयारण्य का है। इसकी सीमा से लगे ओडिशा के सिनापाली ब्लॉक के गांव में वन विभाग की टीम ने 10 से ज्यादा घरों में छापेमार कार्रवाई की। छापेमारी में सागौन और अन्य कीमती इमारती लकड़ी के चिरान व इससे बनाए जा रहे फर्नीचर भारी मात्रा में जब्त किए गए हैं।


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**

Phone No. :- 07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

संक्षिप्त निविदा सूचना द्वितीय बार

क्रमांक/ 07 /व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24    बालोद, दिनांक 17.05.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में "डी"-वर्ग एवं उच्च श्रेणी में ठेकेदारों पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-"अ" पर दर्शित कार्य हेतु प्रतिशत दर प्राप्त करने निविदा दिनांक 30.05.2023 तक आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 31.05.2023 को समय 11.30 बजे खोली जावेगी ।

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा की राशि लाख में |
|---|---|---|
| 1 | विभिन्न स्कूलों भवनों में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य वि.खं-डौण्डी लोहारा ग्रुप क्रमांक-04, 05, 10, 13, 14, 15, 16, 17, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 33, 35, 36, 38, 39, 40, एवं 43 **(कुल 25 ग्रुप हेतु)** | 429.51 |
| 2 | विभिन्न स्कूलों भवनों में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य वि.खं-**बालोद** ग्रुप क्रमांक-56 **(कुल 01 ग्रुप हेतु)** | 17.51 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल https://res.cg.gov.in में दिनांक 24.04.2023 से देखी जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

जी-01384/4



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा महकाकला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा हाल ही में आदर्श इस्पात ग्राम महकाकला में सफ्लतापूर्वक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा लगातार अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन किया जाता है जो सामाजिक, पर्यावरण, खेल, स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर किया जाता है। इसी क्रम में ग्राम महकाकला में स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। जिसमें 35 हितग्राहियों की जांच करके उनको उचित सलाह के साथ दवाइयों का वितरण किया गया। जिसमें 9 पुरुष, 21 महिलाएं और बच्चों की संख्या 05 रही। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की प्रशंसा की और भिलाई इस्पात संयंत्र का धन्यवाद दिया। इस आयोजन में मुख्य रूप से सीएसआर मेडिकल टीम से डॉ ईशा कुजुर, फर्मासिस्ट शशि भूषण रॉय, ब्लड, बीपी व शुगर परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव, पंजीयन कार्य हेतु शम्भू और सीएसआर विभाग की ओर से विभागीय प्रतिनिधि के रूप में ए के सोनी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को पोर्टल पर संस्था एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन की सुविधा उपलब्ध

**दुर्ग।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कॉलेज स्तर) का पंजीयन / स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में ऐसे विद्यार्थी जो संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन तथा संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन करना चाहते है, भारत सरकार के नियमानुसार पात्रता रखने वाले ऐसे विद्यार्थियों को पोर्टल पर सुविधा दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा 25 मई 2023 तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई 7 संबंधित विद्यार्थी अपने अध्ययनरत संस्था अथवा कार्यालय, कलेक्टर (आदिवासी विकास) दुर्ग के कक्ष क्रमांक - 25 (छात्रवृत्ति शाखा) में दिनांक 24 मई 2023 तक संपर्क कर सकते है ।

### भाजपा के दुर्ग जिले के बागी प्रत्याशियों का निष्कासन समाप्ति आदेश जारी

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम, अहिवारा नगर पालिका एवं धमधा, उतई, पाटन नगर पंचायत में वर्ष 2019 के नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के विरुद्ध बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के निष्कासन समाप्ति हेतु जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा द्वारा लिखित अनुशंसा प्रदेश भाजपा को की गई थी, जिसके पश्चात भाजपा की प्रदेश अनुशासन समिति की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने दुर्ग जिले के बागी भाजपा कार्यकर्ताओं का निष्कासन/निलंबन समाप्त कर उनकी पार्टी सदस्यता बहाल कर दी है। पार्टी सदस्यता बहाल किए जाने वाले कार्यकर्ताओं के नाम निम्नानुसार है :- श्रीमती श्वेता अग्रवाल धमधा, श्री चंद्रिका भट्ट धमधा, श्री नरेंद्र साहू उतई, भीमसेन सिन्हा उतई, सतीश चंद्राकर उतई, किरण देवांगन पाटन के अलावा दुर्ग नगर पालिका निगम से शिवेंद्र सिंह परिहार, श्रीमती मीना सिंह, कविता तांडी, श्याम शर्मा, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, अमर भोई, श्रीमती रेखा लोढ़ा, श्रीमती पार्वती साहू, दिनेश मिश्रा, मोहनलाल केसवानी, वसीम कुरैशी, खिलावन मटियारा, रोशनी फ्त्ते साहू, ममता देवांगन, श्रीमती सविता पोषण साहू, दशरथ लाल पेंदरिया, अरुण कुमार सिंह, अनूप सोनी, श्रीमती पद्मावती देवांगन। जितेंद्र वर्मा ने बागी भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्कासन समाप्ति पश्चात कहा कि बागी भाजपा कार्यकर्ताओं का निष्कासन समाप्त कर प्रदेश भाजपा द्वारा उन्हें पुनः पार्टी की मुख्यधारा में शामिल किया गया है।

### भेंट मुलाकात में किया था वादा

# विधायक देवेंद्र की पहल से गोल मार्केट में खुलेगा सरकारी राशन दुकान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेक्टर 8 के रहवासियों को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने एक और बड़ी सौगात दी है। जल्द ही यहां वार्ड के गोल बाजार में सरकारी पीडीएस राशन दुकान खोला जाएगा। इससे क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब वे अपने ही वार्ड में बड़ी आसानी से सुविधा से राशन ले सकेंगे।**






नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सेक्टर 8 में वर्षों से राशन दुकान ही नहीं था। इस वजह से यहां के लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोग बहुत परेशान थे। कुछ दिनों पहले जब भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भेंट मुलाकात करने के लिए सेक्टर 8 गए थे।

तब उन्होंने लोगों से मिले और बारी-बारी से एक-एक गली में डोर टू डोर गए। लोगों से मिले। उनका कुशल क्षेत्र जाना । सब से मिले और सभी के साथ बैठक कर वार्ड के विकास और समस्याओं पर चर्चा भी की। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने विधायक यादव को बताया था कि उनके वार्ड में सरकारी पीडीएस राशन दुकान नहीं है। इस वजह से उन्हें बड़ी समस्या होती है। उन्हें राशन लेने के लिए सेक्टर 9 या सेक्टर 8 में जाना पड़ता है। वहां पहले से ही उस वार्ड के नागरिक रहते है। इस वजह दुकानों में भीड़ हो जाती है। जिस वजह से उन्हें भी बड़ी समस्या होती है और सेक्टर 8 के नागरिकों को भी।

विधायक यादव ने नागरिकों की बातों तो गंभीरता से सूना और समस्या का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की सुविधा के लिए जल्द पहल करें। ताकि लोगों को राहत मिल सके। विधायक के निर्देश पर जिला प्रशासन ने पहल की और अब जल्द ही एक पीडीएस सरकारी राशन दुकान खोला जाएगा। जिसका जल्द ही विधायक देवेंद्र यादव लोकार्पण करेंगे। सेक्टर 8 में 600 से अधिक लोग है। जिन्हे बड़ी राहत मिलेगी। भिलाई नगर विधायक लगातार हर वार्ड में भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। भेंट मुलाकात के दौरान हर वार्ड के नागरिकों को सौगात देते जा रहे है। सड़क, नाली, बैंडमिटन कोर्ट, उद्यान आदि विकास कार्य करवाते जा रहे हैं।

## महापौर ने सभी नाला एवं नालियों की सफ़ाई करने दिए निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सभी जोन आयुक्त एवं अभियंताओं की बैठक ली। बैठक में महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अभी से बड़े नालों और नालियों की सफ्ई काम पूर्ण कर ले। बैठक में सभी जोन क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति वाले क्षेत्रों की गहन समीक्षा की गई। मोहल्ले एवं गलियों तथा वार्ड की जानकारी संयुक्त रूप से ली गई। जलभराव से उबरने के लिए तत्कालिक एवं स्थाई समाधान के बारे में चर्चा की गई। और इस मुताबिक कार्य करने के निर्देश बैठक में दिए गए। बारिश के दिनों में सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही बैठक में निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। आयुक्त ने कहा कि शीघ्रता से निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए तथा समय सीमा में निर्माण हो जाए। काम नहीं करने वाले एजेंसियों पर कार्यवाही करें। कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए बारिश पूर्व सभी कार्य पूर्ण करने हर संभव प्रयास करें। सड़क मरम्मत, संधारण एवं डामरीकरण को लेकर सभी जोन क्षेत्रों में कार्य किए जा रहे हैं इसकी विस्तृत समीक्षा बैठक में की गई। महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि बारिश पूर्व सड़क से संबंधित सभी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण हो जाने चाहिए ताकि बारिश के दिनों में लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना न करना पड़े।

## जिला प्रशासन की पहल से मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं में हुई वृद्धि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र मीणा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 में विभाग द्वारा कुल 38309 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया। महतारी लइका दिवस तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस में की जाने वाली ए.एन.सी जाँच में कुल 2254 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया।**

इन्हें सतत् निगरानी में रखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय में उपचार सेवायें दी गई।

इस योजना का लक्ष्य हर गर्भवती महिला को शासकीय अस्पतालों में मातृत्व सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराना एवं मातृ एवं शिशु मृत्यु की संख्या को शून्य करना है। इस योजना का लाभ गर्भवती, धात्री (0 से 06 माह) और बीमार शिशु (0 से 12 माह) को मिलेगा। विगत वर्ष मे जिले में 31253 संस्थागत प्रसव हुये है, जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सिजेरियन ऑपरेशन, सोनोग्राफी, ब्लड की सुविधा उपलब्ध है।

जिला चिकित्सालय में विगत वर्ष 8662 संस्थागत प्रसव कराये गये है। गर्भवती महिलाओं की जाँच एवं संस्थागत प्रसव सुविधाओं का विस्तार करते हुए विभाग द्वारा जननी सुरक्षा योजना, ब्लड की व्यवस्था, पी.एम.एस. तथा निःशुल्क दवाईयों की सुविधा दी गई है।

जिले के समस्त गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था से लेकर प्रसव पश्चात तक किसी भी महिला की मृत्यु होती है तो सुमन योजना के अंतर्गत घर में होने वाले मातृ मृत्यु की सूचना 104 पर कॉल कर एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी उस माता की मृत्यु का सत्यापन करने पर सूचनाकर्ता को 1000 (एक हजार) रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जावेगी।

## सीए ब्रांच की सिकासा शाखा द्वारा सिविक सेंटर सीए भवन में एक दिवसीय सेमीनार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई सीए ब्रांच की सिकासा शाखा द्वारा सिविक सेंटर सीए भवन में एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में सीए आलोक सेठी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने सभी सीए छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डायनेमिक डैशबोर्ड एवं चैट जीपीटी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने चार्टर्ड एकाउंटेंट के प्रोफेशन में टेक्नोलॉजी के उपयोग पर अपनी बात रखी।



सेमीनार के मुख्य वक्ता सीए आलोक सेठी ने चैट जीपीटी की जानकारी देते हुए बताया कि यह एआइ चैटबोट है, जो सामान्य मानवीय भाषा को समझता है और मानव की तरह विस्तृत लेखन जैसे कार्य भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि चैटजीपीटी माडल को मशीन लर्निंग टेक्नीक रिइनफोर्समेंट लर्निंग फ्राम ह्यूमन फीडबैक के आधार पर विकसित किया गया है। सीए श्री सेठी ने बताया कि इसका उपयोग हम शिड्यूलिंग, रिमाइंडर जैसे कार्य में, प्रश्नों को हल करने के लिए छात्रों की मदद में, कंपनियों के लिए ग्राहक सेवा में, विशेष कर संवाद और रिपोर्ट प्रस्तुत करने में, तथ्यात्मक, दार्शनिक, भावनात्मक और गणितीय प्रश्नों के भी जवाब प्राप्त कर सकते हैं। सीए आलोक सेठी ने बताया कि एक्सेल डैशबोर्ड एक ही स्थान पर मेट्रिक्स और अन्य डेटा बिंदुओं का अवलोकन प्रदान करता है । सरल शब्दों में, डैशबोर्ड डेटा के दृश्य निरूपण हैं।

वे ज्यादातर चार्ट और ग्राफ़ से बने होते हैं, जिससे उपयोगकर्ता का ध्यान आकर्षित होता है। यह रिपोर्टों को संयोजित करने और स्थानांतरित करने की अनुमति देता है, जिससे उपयोगकर्ता खुद तय कर सकते हैं कि कौन सी रिपोर्टें शामिल की जाएं और उन्हें कहां रखा जाएं।

सेमीनार में मुख्य रूप से ब्रांच चेयरमेन सीए पायल नवीन जैन, उपाध्यक्ष राहुल बत्रा, सचिव सीए अंकेश सिन्हा, कार्यक्रम संयोजक सौमिता मजूमदार सहित 100 से अधिक सीए छात्र उपस्थित थे।

## जिला रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में अव्यवस्था, वोरा ने जताई चिंता अधिकारियों से पंखा, कूलर और पेयजल की सुविधा देने कहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। विधायक अरुण वोरा ने आज कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा और जिला रोजगार मार्गदर्शन केंद्र के अधिकारी आरके कुर्रे से केंद्र की व्यवस्था दुरुस्त करने कहा। वोरा ने कहा कि भीषण गर्मी में रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीयन कराने युवक-युवतियों की भारी भीड़ पहुंच रही है। युवाओं के लिए रोजगार मार्गदर्शन केंद्र के बाहर शेड, शीतल पेयजल व्यवस्था और काउंटर एरिया में कूलर पंखे के साथ ही बैठने की बेहतर व्यवस्थाएं होनी चाहिए।**



गर्मी के मौसम में उचित व्यवस्थाओं के अभाव में युवाओं का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में अव्यवस्था की जानकारी मिलने पर वोरा पहुंचे और रजिस्ट्रेशन कराने आए युवक युवतियों से बातचीत की। दसवीं और बारहवीं के रिजल्ट निकलने के बाद रजिस्ट्रेशन कराने बड़ी तादाद में रोज युवक-युवतियां पहुंच रहे हैं।

यहां भीषण गर्मी और पंखा व कूलर न होने के कारण वे परेशान हैं। केंद्र के बाहर भी शेड की व्यवस्था नहीं है। वोरा से ठंडे पानी की व्यवस्था न होने की समस्या भी बताई गई। तत्काल रोजगार अधिकारी आरके कुर्रे को इन समस्याओं को दूर करने और व्यवस्था दुरुस्त करने कहा। वोरा ने कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा से भी इस संबंध में चर्चा की। पंजीयन कराने आए युवाओं को कई घंटे तक रोजगार केंद्र में मौजूद रहना पड़ता है। पंखा व कूलर न होने और भारी भीड़ के कारण युवाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। रोजगार केंद्र के बाहर छांव के लिए शेड, काउंटर के पास शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था और बैठने कुर्सी के साथ कूलर पंखा आदि की व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएगी।

बाद में एसडीएम मुकेश रावटे भी रोजगार केंद्र पहुंचे और यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कहा है कि रोजगार मार्गदर्शन केंद्र की व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त की जाएगी।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 जून तक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 13 मई से 11 जून तक विकासखंड एवं जिला मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। 30 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 5.30 से 7.30 बजे तक प्रशिक्षण स्थल में आयोजित की जाएगी।**

प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क होगा, जिसमें सबजूनियर, जूनियर वर्ग के बालक बालिकाएं भाग ले सकते हैं।

इच्छुक खिलाड़ी प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन कराकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन के लिए खिलाड़ी को एक पासपोर्ट साइज की नवीन फ्टो लानी होगी। प्रशिक्षण शिविर हेतु आवश्यक खेल सामग्री विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार बॉलीबाल के लिए रविशंकर स्टेडियम दुर्ग प्रशिक्षक हरगुलशन सिंह, स्व. राजेश पटेल खेल परिसर सेक्टर 2 भिलाई प्रशिक्षक ख्वाजा अहमद, पेड्रावन धमधा प्रशिक्षक शिव कुमार रजक, दुष्यंत कुमार महोविया द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी प्रकार हॉकी के लिए नेशनल स्कुल मैदान दुर्ग प्रशिक्षक तनवीर अकील, हॉकी ग्राउंड समृद्धि बाजार के पास दुर्ग अंसार अली, शा.उ.मा. स्कुल कुरूद अलताफ अली द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। खो-खो के लिए शास उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई प्रशिक्षक उमेश निर्मलकर, नवीन क्लब पुरई प्रशिक्षक मोती लाल साहू, मिनी स्टेडियम पुरई प्रशिक्षक भुवनेश्वर साहू, ग्राम झीट भूपेश द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# छोटी-छोटी सफाई गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए जीती जा सकती है बड़ी जंग-लोकेश्वर साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक लोकेश्वर साहू ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत भिलाई निगम में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने शासन की महत्वकांक्षी योजना के कार्यों को भी देखा।**



संयुक्त संचालक सर्वप्रथम नेहरू नगर जोन क्षेत्र पहुंचे वहां उन्होंने शहरी गौठान में आजीविका मुल्क गतिविधियों की जानकारी ली। पशुपालकों से खरीदे जा रहे गोबर और गोबर से बनाए जा रहे वर्मी कंपोस्ट की प्रगति की समीक्षा की। शहर के प्रमुख मार्केट आकाशगंगा में शौचालय की साफ सफ्ई व्यवस्था का अवलोकन उन्होंने किया।

साथ ही भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित शौचालय की स्थिति भी उन्होंने देखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि शौचालय का उपयोग लोगों के द्वारा नियमित रूप से किया जाता है इसलिए सफ्ई व्यवस्था निरंतर और बेहतर होनी चाहिए तथा लोगों को मिलने वाली सुविधाओ का विशेष ध्यान रखें।

भिलाई के सबसे सघन मार्केट पावर हाउस क्षेत्र में स्थित शौचालय का भी उन्होंने अवलोकन किया। संयुक्त संचालक लोकेश्वर साहू ने कहा कि मार्केट क्षेत्रों में शौचालय की स्थिति बेहतर होनी चाहिए। बाजार में आने जाने वाले एवं मार्केट में खरीदी करने वालों को मार्केट क्षेत्र में स्थित शौचालय की आवश्यकता होती ही है, इसलिए शौचालय में व्यापक सुविधाएं मौजूद रहे। श्री साहू ने नेहरू नगर एवं खुर्सीपार के एसएलआरएम सेंटर में कचरा पृथकीकरण की गतिविधियों की जानकारी ली। सूखा कचरा को अलग-अलग करते हुए इनके प्रकार के मुताबिक पुनर्चक्रण तथा गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया को उन्होंने देखा। उन्होंने कहा कि लोगों को सूखा कचरा तथा गीला कचरा पृथक-पृथक देने के लिए प्रेरित करें। संयुक्त संचालक ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के मापदंडों के अनुरूप तैयारियां रखने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता मनोज ठाकुर, उपायुक्त रमाकांत साहू एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## मंत्री गुरू रूद्र कुमार ने जामुल में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्र ने कुमार आज जामुल के वार्ड क्रं. 4 के पुरैना तालाब के पास आयोजित भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किये। उन्होंने यहां पर 1 करोड़ 33 लाख 5 हजार लागत राशि के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण उनके द्वारा किया गया।**



इस अवसर पर जामुल नगर के नियमित साफ्-सफ्ई के लिए 20 लाख रूपए लागत की पोकलेन ट्रेक्टर का शुभारंभ भी किया। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों की मांग पर वार्ड क्रमांक 4 एवं देवांगन समाज हेतु एक-एक बोर की घोषणा, तलाब स्थित बजरंगबली मंदिर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा, एवं एक एंबुलेंस की घोषणा किया गया। कार्यक्रम में पालिका परिषद उपाध्यक्ष जामुन सुनीता चेन्नईवार, विजय जैन, भगत सिंह सिद्धू, पार्षद गण खम्मन सिंह ठाकुर, संजय देशलहरा, दीपक गुप्ता सरोजिनी चंद्राकर, रामप्यारी वर्मा, दुलार सिंह साहू, सबीहा करीम खान, एल्डरमैन मन्नू यादव, द्रौपदी साहू, अहिवारा नगर अध्यक्ष दुर्गा गज्बे, कैलाश नाहटा, हीरा वर्मा एवं प्रकाश सिंह ठाकुर, ओनी महिलाग उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950